देशबन्धु

वर्ष – 34 । अंक – 343 । भोपाल, बुधवार, 13 दिसम्बर 2023 । पृष्ठ–8 । मूल्य – 3.00 रुपए

18 आउटसोर्स मीटर वाचकों की सेवाएं समाप्त पृष्ठ 3
▪ क्या कारगर होंगे भाजपा के नये-पुराने हथियार?
▪ भगवा से मुकाबला के लिए इंडिया गठबंधन को चाहिए एक अधिक आकर्षक आख्यान पृष्ठ 4
▪ महिलाओं की चेतावनीः गांव में शराब बेची या पी तो 5 हजार का जुर्माना पृष्ठ 6
अंतर्राज्यीय चोर गिरोह गिरफ्त में, कई चोरियों का खुलासा पृष्ठ 7

## सार-समाचार

### तोमर ने विधानसभा पहुंचकर की अध्यक्ष गौतम से मुलाकात





**भोपाल, देशबन्धु।** विधानसभा के नवनिर्वाचित सदस्य और पूर्व केन्द्रीय मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर ने आज विधानसभा पहुंचे। उन्होंने यहां विधानसभा अध्यक्ष गिरीश गौतम से सौजन्य भेंट की। इस मुलाकात के दौरान अन्य विधायकों के साथ विधानसभा अध्यक्ष और प्रमुख सचिव अवधेश प्रताप सिंह भी मौजूद रहे। विधानसभा अध्यक्ष से मुलाकात के बाद श्री तोमर विधानसभा द्वारा बनाए गए स्वागत कक्ष पहुंचकर आवश्यक औपचारिकताएं पूरी कीं। इनके अलावा विधायक जयवर्धन सिंह, दिनेश गुर्जर, बरबड़े, श्रीमती सरला रावत सहित अन्य सदस्यों ने प्रमुख सचिव के कक्ष में पहुंचकर मुलाकात की। वहीं श्रीमती गंगा सज्जन सिंह उइके, हेमंत खंडेलवाल, ठाकुरदास नागवंशी, उदयप्रताप सिंह , विजयपाल सिंह अभिलाष पांडे, राजेन्द्र पांडे, महेन्द्र सिंह चौहान, सुश्री मीना सिंह, डॉ. योगेश पण्डाग्रे, विपिन जैन, सीतासरन शर्मा, ओमप्रकाश धुर्वे, जितेन्द्र पंडया, श्रीमती मनीषा सिंह, श्रीमती सरला रावत, हरिसिंह रघुवंशी, हरिशंकर खटीक एवं श्रीमती कंचन मुकेश तनवे भी विस पहुंचे। उल्लेखनीय है कि एनआईसी द्वारा एक सॉफ्टवेयर बनाया गया है। जिसमें सोलहवीं विधानसभा के नवनिर्वाचित सदस्यों का पूरा विवरण फीड किया जा रहा है। अब तक कुल –196 सदस्यों ने विधानसभा पहुंचकर आवश्यक औपचारिकताएं पूर्ण कीं।

- जयवर्धन सहित 21 विधायकों ने दर्ज कराई आमद, पूरी की औपचारिकताएं
- एनआईसी के सॉफ्टवेयर में फीड हुई 196 विधायकों की जानकारी

### नेता प्रतिपक्ष चुनने कांग्रेस विधायक दल की बैठक कल

**भोपाल, देशबन्धु।** नव निर्वाचित कांग्रेस विधायक दल की बैठक गुरुवार को प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में रखी गई है। बैठक में 16 वीं विधानसभा के लिए नेता प्रतिपक्ष चुना जाएगा। इस संबंध में सभी विधायकों को सूचना भेज दी गई है।


प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में सुबह 11 बजे से शुरू होने वाली इस बैठक के दौरान प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ, पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह, चुनाव प्रभारी रणदीप सुरजेवाला और छानबीन समिति के अध्यक्ष भंवर जितेंद्र सिंह भी बैठक में विशेष रूप से मौजूद रहेंगे। विधायक दल के नेता के लिए पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह की जहां प्रबल दावेदारी माने जा रहे है। वहीं पूर्व गृहमंत्री बाला बच्चन भी नेता प्रतिपक्ष के लिए सशक्त दावेदार हैं। जबकि पूर्व मंत्री उमंग सिंघार और विधायक राव निवास रावत के नाम चर्चाओं में हैं। हालांकि इनमें से किसी एक को कांग्रेस विधायक दल का नेता चुना जा सकता है। ज्ञात हो कि अजय सिंह पूर्व में दो बार नेताप्रतिपक्ष रह चुके हैं, जबकि बाला बच्चन भी उप नेताप्रतिपक्ष की जिम्मेदारी विधानसभा में संभाल चुके हैं। राम निवास रावत ओबीसी वर्ग से आते हैं और संसदीय कार्यवाही के अच्छे भी हैं। जबकि युवा और आदिवासी चेहरे के रूप में उमंग सिंघार को भी नेता चुना जा सकता है।


### अनंतनाग में हथियार और गोला-बारूद के साथ दो गिरफ्तार

**श्रीनगर, एजेंसी।** सुरक्षा बलों ने मंगलवार को जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले में दो लोगों को पकड़ा और उनके पास से हथियार और गोला-बारूद बरामद किया। सेना ने अपने आधिकारिक एक्स-पोस्ट पर कहा, खुफिया सूचनाओं के आधार पर, 11 दिसंबर 2023 को भारतीय सेना और जम्मू कश्मीर पुलिस द्वारा ज़बिलपुरा, बिजबेहरा, अनंतनाग में एक संयुक्त मोबाइल वाहन चेक पोस्ट (एमवीसीपी) स्थापित किया गया था।। इस दौरान युद्ध जैसे सामानों की बरामदगी के साथ दो संदिग्ध व्यक्तियों को पकड़ा गया है। जांच चल रही है। दोनों व्यक्तियों को सेना और स्थानीय पुलिस की संयुक्त टीम ने अनंतनाग जिले के बिजबेहरा इलाके से पकड़ा।

भव्य तैयारी : मोदी, शाह, नड्डा सहित कई नेता शपथ ग्रहण समारोह में होंगे शामिल

# डॉ. मोहन यादव आज लेंगे शपथ, देवड़ा और शुक्ल बनेंगे उपमुख्यमंत्री















*भाजपा नेताओं ने भोपाल स्थित मोतीलाल नेहरू स्टेडियम में बुधवार को होने वाले शपथ ग्रहण समारोह की तैयारियों का जायजा लिया।*

**भोपाल, देशबन्धु।** भाजपा विधायक दल के नेता एवं नवनियुक्त मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव बुधवार को शपथ लेंगे। मुख्यमंत्री के साथ ही 2 उपमुख्यमंत्री- जगदीश देवड़ा और राजेन्द्र शुक्ल भी उपमुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा सहित कई वरिष्ठ नेता और अन्य राज्यों के मुख्यमंत्री शपथ ग्रहण समारोह में हिस्सा लेंगे। भोपाल के मोतीलाल नेहरू स्टेडियम में दोपहर 12 बजे होने वाले शपथ ग्रहण कार्यक्रम की भव्य तैयारियां की गई हैं।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष श्री शर्मा ने मीडिया को बताया कि शपथ समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, पार्टी अध्यक्ष जे पी नड्डा, केन्द्रीय मंत्री एवं पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन गडकरी सहित कई राज्यों के मुख्यमंत्री मौजूद रहेंगे। इससे पूर्व पार्टी के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश, नवनियुक्त मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा, निवर्तमान मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, पार्टी के संगठन महामंत्री हितानंद, प्रदेश उपाध्यक्ष आलोक शर्मा, विधायक रामेश्वर शर्मा एवं प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल ने शपथ ग्रहण समारोह की तैयारियों का जायजा लिया। इसमें प्रदेश भर से बड़ी संख्या में पार्टी नेता और कार्यकर्ता भी यहां पहुंच रहे हैं। नए मुख्यमंत्री के शपथ ग्रहण समारोह को लेकर तैयारियां देर रात तक चलती रहीं।

### जनता के सेवक के रूप में मिली जिम्मेदारी : यादव

**भोपाल, देशबन्धु।** भाजपा विधायक दल के नेता डॉ. मोहन यादव बुधवार दोपहर पंडित मोतीलाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में समारोह पूर्वक शपथ ग्रहण करेंगे। इसके पहले डॉ. यादव ने आज सुबह मीडियाकर्मियों से चर्चा की। उन्होंने स्वयं को भाजपा का एक सामान्य कार्यकर्ता और जनता का सेवक बताया है। डॉ. यादव ने कहा कि मैने इस जिम्मेदारी को एक सेवक की तरह लिया है। इसी भावना को आधार बनाकर हम काम करेंगे । हालांकि हम अभी भी जनता के बीच में काम कर रहे हैं, लेकिन हम यह देखेंगे कि जनता के लिए बेहतरी के लिए और क्या कर सकते हैं।

मीडिया से चर्चा के दौरान भावुक हुए शिवराज, बोले-

# मुझे संतोष है कि भारी बहुमत वाली सरकार बनाकर जा रहा हूं



**भोपाल, देशबन्धु।** निवर्तमान मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि मुख्यमंत्री के रूप में विदा लेते हुए मुझे इस बात का संतोष है कि 2023 में फिर भारी बहुमत से भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनी। उन्होंने नवनियुक्त मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को बधाई देते हुए उम्मीद जताई कि उनके नेतृत्व में प्रदेश प्रगति और विकास की दृष्टि से नई ऊंचाईयां छुएगा। मैं सदैव उनका सहयोग करता रहूंगा। श्री चौहान ने आज अपने निवास पर पत्रकारों से चर्चा करते हुए यह बात कही। इस दौरान वे कई बार भावुक नजर आए।

श्री चौहान ने मध्यप्रदेश में मिली जीत को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में मिली जीत बताते हुए कहा कि इस जीत में लाड़ली बहना योजना का भी जबरदस्त योगदान है। उन्होने कहा कि बीते सालों में अपनी पूरी क्षमता और सामर्थ्य से उन्होने प्रदेश के विकास के लिए कार्य किया और आगे भी वे पार्टी के एक समर्पित कार्यकर्ता के रूप में काम करते रहेंगे। श्री चौहान ने कहा कि आज मेरे मन में एक संतोष का भाव है। 2003 में उमा जी के नेतृत्व में भारी बहुमत से भाजपा की सरकार बनी थी और उसी सरकार का नेतृत्व कुछ समय बाद मैंने किया। 2008 में हम फिर सरकार में ▪ शेष पृष्ठ 5 पर

### मामा-भाई का रिश्ता टूटने नहीं दूंगा

श्री चौहान ने कहा कि पार्टी के समर्पित कार्यकर्ता के नाते, मैंने हमेशा कहा कि भारतीय जनता पार्टी मेरे लिए मिशन है, राष्ट्रीय पुनर्निर्माण का, जनता के कल्याण का, दरिद्र नारायण की सेवा का..वो काम लगातार चलता रहेगा। मैं अंत में इतना ही कहता हूं कि मुख्यमंत्री रहते हुए भी जनता से कभी मेरे रिश्ते 'मुख्यमंत्री और जनता' के नहीं रहे, परिवार के रिश्ते रहे हैं। मामा का रिश्ता है प्यार का रिश्ता और भैया का रिश्ता है विश्वास का रिश्ता। ये प्यार और विश्वास के रिश्ते ▪ शेष पृष्ठ 5 पर

### अपने लिए कुछ मांगने से मैं मरना बेहतर समझूंगा

श्री चौहान से पत्रकारों ने पूछा कि आपने कहा था 'मैं दिल्ली नहीं जाऊंगा' तो उन्होंने कहा कि मुझसे पूछा गया था कि बाकी लोग दिल्ली में हैं, आप दिल्ली जाएंगे क्या। एक बात मैं बड़ी विनम्रता के साथ कहता हूं..अपने लिए कुछ मांगने जाने से बेहतर मैं मरना समझूंगा..वो मेरा काम नहीं है। इसलिए मैंने कहा था मैं दिल्ली नहीं जाऊंगा।' क्या आप लोकसभा चुनाव ▪ शेष पृष्ठ 5 पर

**पार्टी ने मुझे सबकुछ दिया, अब देने का वक्त**

### पार्टी जो काम देगी, वो करूंगा

जब उनसे पूछा गया कि अब आपकी भूमिका क्या होगी तो उन्होने कहा कि 'एक कार्यकर्ता की भूमिका है मेरी। जब आत्मकेंद्रित होता है व्यक्ति जो उसको लगता है कि मैं कहां हूं। लेकिन भारतीय जनता पार्टी एक मिशन है..उसमें हर कार्यकर्ता के लिए कुछ न कुछ काम है। जो भी काम पार्टी देगी, वो मैं करूंगा।' उन्होने कहा कि जिद जुनून जज्बा था और चुनाव के दौरान मैं दो घंटे से ज्यादा नहीं सोया। भारतीय जनता पार्टी की सरकार लाने की जिम्मेदारी ▪ शेष पृष्ठ 5 पर

## मेल मुलाकातों में गुजरा नव नियुक्त मुख्यमंत्री का दिन

### उमा, शर्मा, मिश्रा और भार्गव से की मुलाकात





**भोपाल, देशबन्धु।** नव नियुक्त मुख्यमंत्री आज दिन भर स्वागत और मेल मुलाकात में व्यस्त रहें। इस दौरान वह वरिष्ठ भाजपा नेताओं के निवास पर उनसे मिलने पहुंचे और उनसे मार्गदर्शन तथा सहयोग की अपेक्षा की।

नवनियुक्त मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पूर्व मुख्यमंत्री सुश्री उमा भारती के निवास पहुंच कर उनसे भेंट की और आशीर्वाद प्राप्त किया। सुश्री उमा भारती ने तिलक कर तथा मिष्ठान खिलाकर उनका अभिवादन किया। वहीं 'मोदी के मन में एमपी और एमपी के मन में मोहन' के शब्दों के साथ डॉ. यादव को नए दायित्व के लिए बधाई और शुभकामनाएं दीं।

वहीं भाजपा प्रदेशाध्यक्ष और सांसद वीडी शर्मा से मिलने नवनियुक्त मुख्यमंत्री डॉ. यादव उनके निवास पहुंचे और सौजन्य भेंट की। श्री शर्मा ने शाल श्रीफल भेंट कर नवनियुक्त मुख्यमंत्री डॉ. यादव का स्वागत किया और मिठाई खिलाकर उनका मुंह मीठा कराया। पूर्व केन्द्रीय मंत्री विक्रम वर्मा के निवास पहुंचकर भी डॉ. यादव ने आशीर्वाद प्राप्त किया। श्री वर्मा ने नव नियुक्त मुख्यमंत्री डॉ. यादव का पुष्प गुच्छ से स्वागत किया और बधाई दी। इस अवसर पर श्री वर्मा की धर्मपत्नी तथा नव निर्वाचित विधायक श्रीमती नीना विक्रम वर्मा और परिवार के अन्य सदस्य मौजूद थे। उन्होंने निवृत्तमान गृहमंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा से मुलाकात की। इस दौरान श्री यादव की मुलाकात बेहद आत्मीय रहीं। डॉ. यादव डॉ. मिश्रा से मिलने उनके बंगले पर गए थे। यहां पहुंचने पर डॉ. मिश्रा ने उनका स्वागत किया, साथ ही उन्हें बधाई दी और उनके प्रति शुभकामनाएं भी व्यक्त कीं। इधर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने ▪ शेष पृष्ठ 5 पर

## सूखे बोरवेल में गिरा 5 साल का मासूम, बचाव अभियान जारी



**अलीराजपुर, देशबन्धु ।** अलीराजपुर जिले के जोबट क्षेत्र में खंडाला गांव में एक 5 साल का मासूम सूखे बोरवेल में गिर गया। घटना की खबर मिलते ही राहत और बचाव दल मौके पर पहुंचकर मासूम को निकालने में जुट गए हैं। मंगलवार शाम बोरवेल का नाम विजय पिता दिनेश बताया गया है।

जानकारी के अनुसार फिलहाल मासूम बोरवेल में करीब 20 फीट की गहराई में फंस गया है। मासूम को बचाने के लिए जेसीबी से खुदाई की जा रही है, बोरवेल के दोनों तरफ से जेसीबी की मदद से खुदाई की जा रही है। इसके साथ ही बच्चे तक नली के माध्यम से ऑक्सीजन पहुंचाई जा रही है। वहीं सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए बोरवेल के चारों तरफ बैरिकेड्स लगाए गए हैं और पुलिस बल भी तैनात किया गया है। घटना शाम 4 बजे के करीब की बताई जा रही है। खबर मिलते ही कलेक्टर डॉ. अभय अरविंद बेडेकर और पुलिस अधीक्षक राजेश व्यास सहित प्रशासनिक अमला महज आधे घंटे के भीतर घटना स्थल पर पहुंच गया। कलेक्टर डॉ. बेडेकर का कहना है कि डॉक्टरों की टीम बच्चे तक ऑक्सीजन पहुंचाने का काम कर रही है, एसडीआरएफ की टीम भी बुलवाई गई, जल्द से जल्द बच्चे को सकुशल बाहर निकाल लिया जाएगा। बताया जाता है कि खंडाला गांव के खेत में यह बोरवेल करीब 15 दिन पहले करवाया गया था, इसमें पानी नहीं निकला तो इसे खुला छोड़ दिया गया। बच्चे के पिता के मुताबिक बच्चा मेहमानी करने साडू के घर खंडाला आया था। खेलते समय घर से दूर खेत में बने बोरवेल में गिर गया। उन्होंने बताया कि टॉर्च से देखने वर वह हाथ हिला रहा था और उसकी आवाज भी सुनाई दी थी।

राहुल गांधी ने भाजपा पर किया पलटवार

## मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए नेहरू की करते हैं बात



**नई दिल्ली, देशबन्धु।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने मंगलवार को भाजपा पर पलटवार करते हुए कहा कि वे देश के वास्तविक मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए भारत के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के बारे में बात करते रहते हैं। राहुल गांधी ने फिर जाति आधारित जनगणना की मांग दोहराई और सरकार पर इस पर चर्चा नहीं करने का आरोप लगाया।

संसद के बाहर मीडिया से बात करते हुए राहुल गांधी ने कहा, ये सब ध्यान भटकाने वाली रणनीति है। मूल मुद्दा जाति आधारित जनगणना है और लोगों का पैसा किसे मिल रहा है? वे इस मुद्दे पर चर्चा नहीं करना चाहते हैं, वे इससे दूर भागते हैं। केरल के वायनाड से लोकसभा सांसद ने कहा, हम इस मुद्दे को आगे बढ़ाएंगे और सुनिश्चित करेंगे कि गरीबों को उनका हक मिले। जब उन्हें बताया गया कि भाजपा ने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री के रूप में एक ओबीसी नेता की घोषणा की है, तो उन्होंने कहा, छत्तीसगढ़ में हमारा मुख्यमंत्री भी ओबीसी से था, अब उन्होंने भी एक ओबीसी मुख्यमंत्री की घोषणा की है। लेकिन सवाल यह है कि सरकारी व्यवस्था में कितने ओबीसी हैं? उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र ▪ शेष पृष्ठ 5 पर

# राज्यसभा में आया चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति का बिल

### कांग्रेस ने बिल का किया विरोध

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राज्यसभा में मंगलवार को मुख्य निर्वाचन आयुक्त व अन्य निर्वाचन आयुक्त की नियुक्ति, सेवा शर्तों और पदावधि संबंधी विधेयक पेश किया गया।

विधेयक में चयन समिति में अध्यक्ष के रूप में प्रधानमंत्री, सदस्यों के रूप में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष व प्रधानमंत्री द्वारा नामित एक केंद्रीय मंत्री शामिल होंगे। केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने राज्यसभा में यह विधेयक प्रस्तुत किया। इस विषय पर बोलते हुए कांग्रेस सांसद रणदीप सिंह हुड्डा ने कहा कि चुनाव आयोग की बात करते समय चार शब्द निर्भीकता, शुचिता, निष्पक्षता, स्वायत्ता सभी व्यक्तियों के दिमाग में आएंगे। सरकार द्वारा पेश किया जा रहा यह कानून इन चारों शब्दों को बुलडोजर के नीचे ▪ शेष पृष्ठ 5 पर

### अमित शाह ने 3 नए विधेयकों को लोकसभा में किया पेश



**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आईपीसी, सीआरपीसी और इंडियन एविडेंस एक्ट की जगह लेने वाले तीन नए विधेयकों, भारतीय न्याय (द्वितीय) संहिता विधेयक–2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा (द्वितीय) संहिता विधेयक–2023 और भारतीय साक्ष्य (द्वितीय) विधेयक–2023, को मंगलवार को लोकसभा में पेश कर दिया। इससे पहले अमित शाह ने ▪ शेष पृष्ठ 5 पर

विश्वव्यापी जीवन गुणवत्ता रैंकिंग में वियना शीर्ष पर

# भारत के सर्वश्रेष्ठ शहरों में हैदराबाद ने बेंगलुरु को पीछे छोड़ा

- लंदन ने 45वां स्थान हासिल किया
- भारत में पुणे 154वें स्थान पर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** 2023 के लिए मर्सर की विश्वव्यापी जीवन गुणवत्ता रैंकिंग में हैदराबाद 153वें, पुणे 154वें और बेंगलुरु 156वें स्थान के साथ भारतीय शहरों में सबसे ऊंचे स्थान पर हैं, जिसमें ऑस्ट्रिया में वियना को लिस्ट में टॉप पर रखा गया है। लिस्ट में चेन्नई 161वें स्थान पर चौथा भारतीय शहर है, इसके बाद मुंबई 164वें स्थान पर है।

वहीं कोलकाता 170 और नई दिल्ली 172वें स्थान पर है। मर्सर का जीवन स्तर का डेटा दुनिया भर में असाइनमेंट स्थानों पर प्रवासी कर्मचारियों और उनके परिवारों के लिए दैनिक जीवन की व्यावहारिकताओं का आकलन करता है। वियना ने सूची में अपना शीर्ष स्थान बरकरार रखा, जो आखिरी बार प्री-कोविड 2019 में प्रकाशित हुई थी। इसके बाद ज्यूरिक (स्विट्जरलैंड) और ऑकलैंड (न्यूजीलैंड) दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं। निम्न गुणवत्ता वाले जीवन वाले स्थानों में कई अफ्रीकी शहर एन जामेना (चाड), बांगुई (मध्य अफ्रीकी गणराज्य) और खार्तूम (सूडान) शामिल हैं, जो क्रमश 236वें, 239वें और 241वें स्थान पर हैं। सना (यमन) सहित मध्य पूर्व के स्थान भी 238वें स्थान पर निचले स्थान पर हैं, जहां इसकी रैंकिंग मानवीय प्रयासों और पुनर्निर्माण पहलों पर निरंतर ध्यान देने की आवश्यकता का संकेत देती है। इसके अलावा, बगदाद (इराक) 240वें स्थान पर है, जो अपने बुनियादी ढांचे का पुनर्निर्माण करना चाहता है। टॉप 10 में 7 यूरोपीय देशों के अलावा, उच्च गुणवत्ता वाले जीवन स्तर वाले अन्य शहरों में नीदरलैंड का एम्स्टर्डम 14वें, नॉर्वे का ओस्लो 24वें, स्वीडन का स्टॉकहोम 26वें, फ्रांस का पेरिस 32वें, फ़िनलैंड का हेलसिंकी 34वें, और आयरलैंड का डबलिन 42वें स्थान पर हैं। यूके में लंदन ने 45वां स्थान हासिल किया है, उसके बाद एबरडीन 49वां, एडिनबर्ग 51वां, ग्लासगो 54वां, बर्मिंघम 60वां और बेलफास्ट ने 67वां स्थान हासिल किया है।

## सार समाचार

### मारपीट मामले में फरार वारंटी गिरफ्तार

**गुना, देशबन्धु।** सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा जानलेवा हमला सहित मारपीट के अलग-अलग दो मामलों में फरार स्थाई वारंटी को गिरफ्तार किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गुना कोतवाली के अप.क्र. 309/19 धारा 327, 323, 294, 506, 34 भादवि व न्यायालय गुना के प्रकरण क्रमांक 259/19 तथा अप.क्र 600/19 धारा 307, 147, 148, 149 भादवि व न्यायालय गुना के प्रकरण क्रमांक 243/19 में आरोपी असफाक खां निवासी जीनघर गुना के न्यायालयीन कार्यवाही से लगातार फरार रहने पर दोनों ही प्रकरणों में आरोपी की गिरफ्तारी हेतु न्यायालय गुना से अलग-अलग दो स्थाई वारंट जारी किये गये थे। जो तामीली हेतु गुना कोतवाली में प्राप्त हुये थे। गुना कोतवाली थाना पुलिस द्वारा वारंटी असफाक खां की निरंतर तलाश की गई और जिसके संबंध में मुखबिर से मिली सूचना पर पुलिस द्वारा तत्परता पूर्वक कार्यवाही करते हुये दोनों ही प्रकरणों में लंबे समय से फरार चल रहे वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया है। उक्त दोनों ही प्रकरणों में फरार स्थाई वारंटी को गिरफ्तार करने में गुना कोतवाली थाना प्रभारी निरीक्षक अनूप कुमार भार्गव एवं उनकी टीम की सराहनीय भूमिका रही है ।

### पुरानी रंजिश पर मां-बेटे के साथ की पिता-पुत्र ने मारपीट

**गुना, देशबन्धु।** शहर के कैंट थानांतर्गत गुलाबगंज में पुरानी रंजिश पर पिता-पुत्र ने एक मां-बेटे के साथ मारपीट कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी अभिषेक पुत्र खिलन पाल निवासी गुलाबगंज ने अपनी मां राधा बाई के साथ थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई कि गत दिवस वह पानी का टेंकर लेने पार्षद के यहां जा रहा था। तभी गुलाबगंज के हनुमान मंदिर के पास मुकेश पाल एवं उसके बेटे अभिषेक पाल, अंशुल पाल मिले जिन्होंने उसका रास्ता रोककर गाली गलौंच कर मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान उसके साथ लाठी-डंडे से मारपीट की गई। बीच बचाव करने आई मां के साथ भी आरोपियों ने मारपीट की। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर आरोपियों पर मारपीट सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया है।

### मोटरसाईकिल ने मारी टक्कर

**गुना, देशबन्धु।** आरोन थानांतर्गत मंदिर के दर्शन करके लौट रहे दो बाईक सवार भाईयों को पीछे से आ रही बाईक ने तेजी एवं लापरवाही पूर्वक चलाकर टक्कर मार दी। जिसमें दोनों भाई घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी सुखवीर ओझा पिता शांतिलाल ओझा ने अपने घायल भाई रोहित ओझा के साथ थाने में शिकायत दर्ज कराई कि वह गत दिवस अपनी मोटर सायकिल क्रमांक एमपी 08 एमक्यू 2559 से अपने भाई के साथ ग्राम रामपुर से दुहाई मंदिर में दर्शन करने गया था। इस दौरान ग्राम बनवीरखेड़ी के निकट पीछे से आ रही मोटर सायकिल क्रमांक एमपी 08 जेडसी 5552 के चालक ने अपनी बाईक को तेजी एवं लापरवाही पूर्वक चलाकर टक्कर मार दी। जिसमें वह दोनों घायल हो गए। पुलिस ने फरियादी भाईयों की शिकायत पर आरोपी बाईक चालक पर मामला दर्ज किया है।

### जिला स्तरीय जनसुनवाई में आये 84 आवेदन



**गुना, देशबन्धु।** जिला कलेक्ट्रेट के जनसुनवाई कक्ष में मंगलवार को जिला स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन कर आवेदकों की समस्याओं का निराकरण किया गया। इस दौरान कलेक्टर तरूण राठी द्वारा आवेदकों से व्यक्तिश: चर्चा कर उनकी समस्याएं जानी एवं उनके समुचित निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। जनसुनवाई के दौरान समय सीमा से संबंधित 13, राजस्व विभाग से संबंधित 26, पुलिस विभाग से संबंधित 21, जिला पंचायत/ जनपद पंचायत से संबंधित 01, नगरपालिका से संबंधित 15 एवं अन्य 08 आवेदन प्राप्त हुए। जिनके निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये गये। जनसुनवाई के दौरान जिला अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# पड़ोसी के खेत में पानी देने से नाराज दबंगों ने पिता-पुत्र पर किया जानलेवा हमला



**गुना, देशबन्धु।** आरोन थानांतर्गत ग्राम गोविंदपुर में पड़ोसी के खेत में पानी देना गांव के दबंगों को नागवार गुजरा। पड़ोसी के खेत में पानी देने से नाराज दबंगों ने पिता-पुत्र पर लाठी-डंडे, फर्सा से जानलेवा हमला कर दिया। जिसमें बुरी तरह घायल दोनों जिला अस्पताल में भर्ती हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी राकेश पुत्र दातार सिंह धाकड़ ने बताया कि गत दिवस वह संतोष खंगार के खेत में पानी देने के लिए पाईप डाल रहा था। इस दौरान गांव के दिनेश शर्मा, जनक शर्मा ने धमकी देते हुए कहा कि तुम खंतोष खंगार के खेत में पानी नहीं दो, अगर पानी दिया तो अच्छा नहीं होगा। जिस पर फरियादी ने कहा कि संतोष मुझे पानी देने के पैसे दे रहा है, मैं तो दूंगा।

फरियादी के अनुसार सोमवार-मंगलवार की दरम्यानी रात जब वह और उनके पिता दातार सिंह बाईक से संतोष खंगार के खेत में पानी देकर घर जा रहे थे। तभी रास्ते में आरोपी विशाल शर्मा ने अपना ट्रेक्टर उन पर चढ़ाने की कोशिश की। जिसमें वह नीचे गिर गए। इस दौरान मौके पर दिनेश शर्मा, बालमुकुंद शर्मा, जनक शर्मा, वीरेन्द्र शर्मा सहित अन्य लोग आ गए और गाली गलौंच कर बोले कि तुझे संतोष के खेत में पानी देने से मना किया था फिर भी तूने पानी दिया। आरोपियों ने दोनों पिता-पुत्र पर लाठी-डंडे, फर्से से हमला कर दिया। जिसमें वह दोनों बुरी तरह घायल हो गए। जिन्हें लहूलुहान हालत में परिजनों ने आरोन अस्पताल में भर्ती कराया। जहां पिता-पुत्र की हालत गंभीर होने पर गुना रैफर किया गया। जहां जिला अस्पताल में उपचार चल रहा है। मामले में पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर आरोपियों पर धारा 307, 294, 323, 506, 34 भादवि के तहत मामला दर्ज किया है।

## लोकसभा चुनावों के पूर्व अनिश्चितकालीन हड़ताल पर गए ग्रामीण डाकसेवक



**ग्रामीण अंचल में पटरी से उतरी डाक सेवाएं**

**गुना, देशबन्धु।** लोकसभा चुनावों के पूर्व एक बार फिर ग्रामीण डाकसेवक संघ अपनी आधा दर्जन से अधिक मांगों को लेकर मैदान में उतर गया है। मंगलवार को जिलेभर के ग्रामीण डाकसेवकों ने जीडीएस संघ के बैनरतले अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी। इस दौरान मुख्य डाकघर के गेट के सामने तंबू लगाकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठे ग्रामीण डाकसेवकों ने अपनी मांगों को लेकर जमकर नारेबाजी की। संघ के संरक्षक रघुवीर सिंह रघुवंशी, संभागीय अध्यक्ष भगवानलाल शर्मा, सचिव महेन्द्र सिंह रघुवंशी, कोषाध्यक्ष वीरेन्द्र ङ्क्षसह धाकड़ एवं शाखा अध्यक्ष राजेन्द्र सक्सेना ने बताया कि उनकी मांगों को लेकर लगातार ज्ञापन और आवेदन दिया गया। केन्द्र सरकार द्वारा केवल आश्वासन मिलता रहा है, लेकिन अब ये नहीं चलेगा। खाली हाथ रिटायर होना मंजूर नहीं है। संघ की प्रमुख मांगों में आठ घंटे का काम, पेंशन, कमलेश चंद्र कमेटी की सभी सिफारिश को लागू करना, ग्रामीण डाक सेवक की एसडीबीएस में सेवा निर्वहन लाभ तीन फीसदी से बढक़र दस फीसदी करने, सभी प्रकार की प्रोत्साहन योजना को समाप्त कर जैसे आइपीपीबी, आरपीएलआइ, बचत योजना, मनरेगा भुगतान को बंद कर कार्यभार की गणना की जाए। इधर, मंगलवार से हड़ताल शुरू होने के बाद ग्रामीण क्षेत्रों की डाकसेवा प्रभावित है। जिले के करीब दो सैकड़ा से अधिक ग्रामीण डाक सेवक हड़ताल में शामिल है। इस कारण ग्रामीण क्षेत्र के डाकघरों में ताला लटका है। हड़ताल से ग्रामीण क्षेत्रों में चिट्ठी पत्रों का वितरण नहीं हो रहा है।

इस मौके पर जीडीएस ने मांग की कि उनका 8 घंटे का काम पेंशन सहित सभी सरकारी लाभ जोडक़र, दूसरा कमलेश चंद्र कमेटी की सभी सिफारिश को लागू किया जाएं। वहीं ग्रामीण डाक सेवक की एसडीबीएस में सेवा निर्वहन लाभ तीन फीसदी से बढक़र 10 फीसदी करने, पेंशन प्रदान करने, सभी प्रकार की प्रोत्साहन योजना को समाप्त कर जैसे आईपीपीबी, आरपीएलआई, बचत योजना,मनरेगा भुगतान को बंद कर कार्यभार की गणना की जाए। वहीं व्यावसायिक लक्ष्यों को पूर्ण करने के लिए ग्रामीण डाक सेवक कर्मचारियों को उनके स्वयं के मोबाइल, फेसबुक, इंस्टाग्राम, सोशल मीडिया का पालन करने के लिए बिना उनकी इच्छा एवं जानकारी के विरुद्ध स्वयं के मोबाइल उपकरणों का उत्पीडऩ रोका जाए। समान वेतन के सिद्धांत को लागू कर 5 घंटे का टीआरसीए सभी भेदभाव को समाप्त कर नियमित कर्मचारियों के समान वार्षिक वेतन वृद्धि सुनिश्चित की जाए। इसके अलावा शाखा डाकघरों का कार्य बढ़ाने के लिए सभी शाखा डाकघर को लैपटॉप प्रिंटर और ब्रॉडबैंड नेटवर्क प्रदान किया जाए।

## छात्रावास में अव्यवस्थाओं का आलम, कलेक्टर से शिकायत करने पहुंचे छात्र



**गुना, देशबन्धु।** पीएमएस छात्रावास में रहने वाले छात्रों ने मंगलवार को जनसुनवाई पहुंचकर छात्रावास की अव्यवस्थाओं की शिकायत कलेक्टर से की। छात्रों की शिकायत पर कलेक्टर ने खुद छात्रावास का निरीक्षण करने और व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने का आश्वासन दिया है।

छात्रों ने अपनी शिकायत में बताया कि छात्रावास में सफाई व्यवस्था से लेकर खाने की गुणवत्ता और आवश्यक सामग्रियों का आभाव है। सफाई के लिए सफाई कर्मचारी टाइम से नहीं आते हैं, जिससे छात्रावास में दुर्गंध आती है। भोजन की गुणवत्ता खराब होने के कारण स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। छात्रावास की स्थिति जर्जर है, वर्षो से इसकी मरम मत नहीं हुई है। छात्रों के पास जरूरी सामग्री जैसे पलंग, रजाई-गद्दा, डस्टबिन, झाड़ू, मच्छरदानी आदि का आभाव है। छात्रों ने बताया कि वे पूर्व में भी शिकायत कर चुके हैं। लेकिन कार्रवाई नहीं हुई, इसलिए अब कलेक्टर से शिकायत की है।

## स्वच्छता को लेकर जनजागरूकता फैला रहीं महिला समिति

**गुना, देशबन्धु।** स्वच्छता में गुना को नंबर वन बनाने के लिए बागेश्वर



धाम महिला समिति की महिलाएं आगे आई हैं। समिति की महिलाओं ने शहर के हर वार्ड में पहुंचकर लोगों को फूल देकर उनको जागरुक कर रही हैं। इस दौरान समिति ने अपील की कि आपके वार्डों में रोजाना गाड़ी पहुंच रही है आप उसमें अपने घर का कचरा डालें। वही गाड़ी चलाने वाले चालकों का भी सम्मान कर उनसे अपील कर रहे हैं कि वह रोजाना वार्डों में कचरा गली लेकर पहुंचे। तभी शहर में सुंदरता आएगी और स्वच्छता को लेकर गुना नंबर वन पर आएगा। मंगलवार को वार्ड क्रमांक 28 में बागेश्वर धाम महिला समिति की सदस्यों ने वार्डों में पहुंचकर वार्ड वासियों से अपील की कि वह शहर को साफ एवं स्वच्छ बनाएं और कचरा कचरा गाड़ी में ही डालें। वहीं महिलाओं ने स्वच्छता को लेकर एक पोस्ट भी चश्मा कर रही हैं। इस दौरान लकी सक्सेना, पिंकी सक्सेना, शोभा धाकड़, शशि परिहार, राधा सेन, सीमा शर्मा, नीतू परिहार, ज्योति परमार, राकेश परिहार, मयंक भारद्वाज, रवि बाबू सेन के अलावा बड़ी संख्या में प्रथम बागेश्वर धाम महिला समिति के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## निर्माण कार्यों का निरीक्षण करने पहुंचे नपाध्यक्ष प्रतिनिधि



**गुना, देशबन्धु।** नपाध्यक्ष प्रतिनिधि अरविंद गुप्ता द्वारा मंगलवार को सिंगवासा तालाब पर सौंदर्यकरण एवं विकास कार्य का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने सिंगवासा तालाब पर होने वाले विभिन्न निर्माण की जानकारी ली तथा उप यंत्री श्री बी बी गुप्ता को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि सिंगवासा तालाब पर वेस्ट बियर के ऊपर फुट ओवर ब्रिज का निर्माण किया जाना है तथा तालाब पर घाटों का निर्माण किया जाना है।

इस हेतु कार्य शीघ्र प्रारंभ करने तथा गुणवत्ता पूर्ण कार्य कराने के निर्देश दिए। इसके पश्चात अरविंद गुप्ता द्वारा केंट स्थित गौशाला में चल रहे शैड निर्माण कार्य का निरीक्षण किया तथा कार्य तत्काल पूर्ण कर गायों को ठंड से बचाने के इंतजाम जैसे शैड को चारों तरफ से बंद कर ठण्डी हवा रोकने एवं हैलोजन आदि लगाकर गरम करने के निर्देश दिए।

### मजदूरी के पैसे मांगने गई महिला के साथ मारपीट

**गुना, देशबन्धु।** बजरंगगढ़ थानांतर्गत सरखो में मजदूरी मांगने आई एक महिला के साथ तीन आरोपियों ने गाली गलौंच मारपीट कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादिया सावित्री बाई पत्नी देवीसिंह वंशकार निवासी चैनपुरा तहसील लटेरी विदिशा ने पुलिस को शिकायत दर्ज कराई कि विगत दिवस वह ग्राम सरखो में मजदूरी के पैसे मांगने सारखो के हुकुमचंद वंशकार के यहां गई थी। उसने दो महीने की मजदूरी के पैसे हुकुमचंद से मांगे तो उसने गाली गलौंच कर लाठी-डंडे से मारपीट कर दी। इस दौरान आरोपी ने फरियादिया की बहन के लडक़े राजू वंशकार एवं अभिषेक वंशकार के साथ भी मारपीट की। मामले में पुलिस ने फरियादिया की शिकायत पर आरोपी पर मारपीट सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया है।

### खेत में खड़ी फसल हुई चोरी, अज्ञात पर मामला दर्ज

**गुना, देशबन्धु।** शहर के कैंट थानांतर्गत ग्राम विनख्याई में खेत में खड़ी मक्के एवं घांस की फसल अज्ञात व्यक्ति द्वारा काटे जाने का मामला सामने आया है। खेत में चोरी से कटी फसल की जानकारी खेत मालिक और बटियादार दोनों को कानो कान तक खबर नहीं लग सकी। इस मामले में पुलिस अज्ञात आरोपी पर मामला दर्ज किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी पंकज शर्मा पुत्र स्व. नारायण शर्मा निवासी श्रीगणेश कॉलोनी नानाखेड़ी ने अपने बटियादार रहीस खान के साथ थाने में शिकायत दर्ज कराई कि उनकी दो हेक्टेयर जमीन माताजी प्रेमलता शर्मा के नाम से बिनख्याई में है। जिसमें उन्होंने आधे-आधे में मक्का एवां घांस बोई थी। विगत महीने जब वह अपने बटियादार के साथ खेत पर फसल देखने गए तो यहां देखा कि खेत में खड़ी मक्का एवं घांस की फसल कोई अज्ञात व्यक्ति काट कर ले गया। इस बारे में फरियादी ने पुलिस को बताया कि उन्हें शंका है कि उनकी फसल पुरापोसर के चंदन लोधा ने काटी है। फिलहाल पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति पर मामला दर्ज कर जांच में लिया है।

## देहली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल के खिलाड़ियों ने जीते पदक




**आष्टा, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश जुजित्सु संघ द्वारा 8 से 10 दिसंबर तक टेक्नोक्रेट्स इंटरनेशनल स्कूल भोपाल में 9वीं जुजित्सु राजस्तरीय प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें देहली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल के खिलाड़ियों ने अलग-अलग वजन समूह में पदक प्राप्त किए। जिसमें खिलाड़ियों ने 6 स्वर्ण पदक, 4 रजत पदक और 13 कास्य पदक प्राप्त किए। जिसमें स्वर्ण पदक विजेताओं में राजवी ठाकुर कक्षा 3,चित्रांशी पाल कक्षा 3, सौरभ सिंह कक्षा 5,नैतिक वर्मा कक्षा 6,अक्षिता परमार कक्षा 6, अथर्व जावरिया कक्षा 7 रजत पदक विजेताओं में अभिक राजवैद्य कक्षा 3 अंश पटेल कक्षा 6 अभिनव कुमार साहा कक्षा 9 आयुष सिंह कक्षा 8 तथा दिव्य सेठी कक्षा 3, दिव्य खंडेलवाल कक्षा 3, चिराग परमार कक्षा 4, स्वरित सुराणा कक्षा 4, वानिया अली कक्षा 5, पीयूष कुमार कक्षा 6, प्रतीक चौधरी कक्षा 6, आवेश खान कक्षा 6, चित्रांश ठाकुर कक्षा 6,आदित्य मेवाडा कक्षा 6, अंशुल परमार कक्षा 6, और प्रखर जैन कक्षा 8 काँस्य पदक जीतने में सफल रहे । टीम कोच सैंसी रोहिणी कलम ने बताया कि प्रतियोगिता सब जूनियर, जूनियर और सीनियर वर्ग में आयोजित की गई। जिसमें पदक विजेता खिलाड़ियों का चयन आगामी राष्ट्रीय जुजित्सु प्रतियोगिता के लिए किया गया। खिलाड़ियों की इस विशेष उपलब्धि पर विद्यालय संचालक ध्रुवकुमार तिवारी, बहादुर सिंह सेंधव, ज्ञानसिंह ठाकुर, श्रीमती पायल अली, आदिल अली तथा विद्यालय प्राचार्या डॉ. संगीता सिंहा ने समस्त प्रतिभागी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए हो रहे आयोजन

**गुना, देशबन्धु।** शासन द्वारा जनकल्याण के लिए योजनाओं का अधिकतम लाभ आम जन तक पहुंचाए जाने के लिए ''सामाजिक सुरक्षा शिविर'' का आयोजन जिले की प्रत्येक जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायतों में 27 दिसम्बर तक अलग-अलग तिथियों में आयोजित किया जायेगा। इसी क्रम में मंगलवार को जनपद पंचायत आरोन अंतर्गत ग्राम पंचायत क्षेत्रपाल, खजूरी, करैया, बरोद तथा ककरूआ, जनपद पंचायत बमोरी अंतर्गत ग्राम पंचायत बावड़ीखेड़ा, पाठी, परवाह तथा मूढ़ाहनुमान, जनपद पंचायत चांचौड़ा अंतर्गत ग्राम पंचायत मेरियाखेड़ी, भूमलाखेड़ी, अजगरा, खेजड़ारामा, बरखेड़ाखुर्द, गेहूखेड़ी तथा पेंची जनपद पंचायत गुना अंतर्गत गजनाई, चुराई, डूंगासरा तथा करीली जनपद पंचायत राघौगढ़ अंतर्गत ग्राम पंचायत अचकलपुर, पुरैना, पीलाघटा, सागर, विजावदा, बंजला, बुढ़ना तथा विशनखेड़ा में शिविरों का आयोजन किया जायेगा।

इस अभियान के प्रभावी सुव्यवस्थित एवं समयबद्ध क्रियान्वयन हेतु शिविर प्रारंभ दिनांक से शिविर समाप्ति तक सूची अनुसार अधिकारी, कर्मचारियों को नियुक्त किया गया हैं। उक्त अधिकारी, कर्मचारी हितग्राही मूलक योजनाओं को ग्राम पंचायत स्तर पर आयोजित शिविरों में उपस्थित रहकर हितग्राही मूलक योजनाओं के फॉर्म प्राप्त करेंगे, जैसे वृद्धावस्था पेंशन योजनाएं, कल्याणी पेंशन योजनाएं, दिव्यांग पेंशन योजनाएं, पात्रता पर्ची, खाद्यान्न पर्ची, सामाजिक सुरक्षा पेंशन के हितग्राहियों के बैंक खातों में ई-केवायसी कराना, आहार अनुदान योजनाओं के हितग्राहियों के बैंक खातों में ई-केवायसी कराना, राष्ट्रीय परिवार सहायता योजना, संबल योजना एवं भवन संनिर्माण कर्मकार मण्डल की योजनाएं, प्रसूति सहायता योजना का लाभ प्रदान करना, मृत्यु की दशा में अंत्येष्टि एवं अनुग्रह सहायता योजना, निर्माण कार्य के दौरान दुर्घटना की स्थिति में स्थायी अपंगता होने प्रदान करना, निर्माण स्थल पर कार्य के दौरान अपंजीकृत श्रमिक की मृत्यु की दशा में अंत्येष्टि एवं अनुग्रह सहायता प्रदान करना। व्यक्तिगत शौचालय का लाभ प्रदान कराना एवं जन्म प्रमाण-पत्र, मृत्यु प्रमाण-पत्र के प्रकरणों का निराकरण शिविरों के माध्यम से किया जायेगा। शिविर के मॉनिटरिंग हेतु विभिन्न अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है।

### जिलाबदर के आरोपी को म्याना पुलिस ने दबोचा

**गुना, देशबन्धु।** म्याना पुलिस द्वारा गांव के रोड पर घूम रहे जिलाबदर बदमाश को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गत दोपहर में जिले के म्याना थाना पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई थी कि ग्राम मोरखेड़ी निवासी सोनू जाटव जो कि वर्तमान में जिला बदर होने के बाद भी अभी अपने गांव मोरखेड़ी के रोड पर घूम रहा है। इस सूचना के मिलते ही म्याना थाने से पुलिस की एक टीम जिला बदर बदमाश की धरपकड हेतु तत्काल रवाना हुई। पुलिस टीम जैसे ही मोरखेड़ी गांव के रोड पर पहुंची तो रोड पर घूम रहे मुखबिर द्वारा बताये हुलिये के व्यक्ति द्वारा पुलिस को देखकर छिपने का प्रयास किया। लेकिन पुलिस फोर्स द्वारा जिसे घेराबंदी कर दबोच लिया गया, जिसने पूछताछ पर अपना नाम सोनू पुत्र नारायण जाटव निवासी ग्राम मोरखेड़ी थाना म्याना का होना बताया गया। उल्लेखनीय है कि आरोपी सोनू जाटव आदतन अपराधी है।

## ए टू जेड क्रिकेट प्रतियोगिता में हुए 4 मैच



**गुना, देशबन्धु।** ए टू जेड ऑल इंडिया टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता के द्वितीय राउंड में मंगलवार को राहुल 11 गुना वर्सेस बाबा क्लब मोरखेड़ी के बीच खेला गया। जिसमें राहुल 11 टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 10 ओवर में 136 रनों का विशाल लक्ष्य खड़ा किया। जिसमे मयंक स्वामी ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 29 बोलो मे 66 रन बनाए। जिसके जवाब में बाबा क्लब मोरखेड़ी 32 रनो पर ऑल आउट हो गई। राहुल 11 ने ये मैच 104 रनो से जीत लिया। जिसमें मैन ऑफ द मैच रहे मयंक स्वामी। वहीं दूसरा मैच पेंटर क्लब छाबड़ा वर्सेस एस के रेडियम ग्वालियर के बीच खेला गया। जिसमें पैंथर क्लब छाबड़ा ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए 7.1 ओवर में 32 रनो पर अल आउट हो गई। एसके रेडियम ग्वालियर ने ये लक्ष्य 3.2 ओवरों में 3 विकेट पर आसानी से हासिल कर लिया। जिसमें मैन ऑफ द मैच रहे इरफान पटेल 2 ओवर में 5 रन देकर 4 विकेट लिए।

तीसरा मुकाबला एसएस के क्लब शाहपुर वर्सेस लगन क्रिकेट क्लब अशोक नगर के बीच खेला गया। जिसमें एस एस शाहपुर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 10 ओवरों में 89 रन बनाए। जिसका जवाब में लगन क्रिकेट क्लब अशोकनगर ने यह 8.5 ओवरों में 3 विकेट के नुकसान पर हासिल कर लिया। लगान क्रिकेट क्लब ने यह मैच 5 विकेट से जीत लिया। जिसमें मैन ऑफ द मैच रहे जॉन्टी 2 ओवर में 11 रन देकर 5 विकेट लिए। वहीं मंगलवार को अंतिम मुकाबला थर्ड राउंड का खेला गया 8 ओवर का लगन क्रिकेट क्लब अशोकनगर वर्सेस एस के रेडियम ग्वालियर के बीच खेला गया। एसके रेडियम ग्वालियर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 8 ओवरों में 7 विकेट पर 124 रन बनाए। जिसका जवाब में लगन क्रिकेट क्लब अशोकनगर 8 ओवरों में 6 विकेट पर 60 रन ही बना सकी। एसके रेडियम ग्वालियर ने ये मैच 64 रनों से जीत लिया। जिसमे मैन ऑफ द मैच रहे पंकज पटेल 2 ओवर में 7 रन देकर 3 विकेट लिए। 13 दिसंबर को गुजरात और सतना और कटनी टीम अपने-अपने राउंड के मैच खेलेगी।

फोटो मीटर रीडिंग में लापरवाही बरतने वाले

# 18 आउटसोर्स मीटर वाचकों की सेवाएं समाप्त

## सवा सौ का वेतन काटा

**भोपाल, देशबन्धु।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने नवंबर माह में उपभोक्ताओं की मीटर रीडिंग में लापरवाही बरतने पर सेवा प्रदाता कंपनी के माध्यम से कंपनी कार्यक्षेत्र में कार्यरत 18 मीटर वाचकों को सेवाएं समाप्त करने के साथ ही 127 मीटर वाचकों का वेतन काटा गया है। इसके अलावा 78 मीटर वाचकों को कार्य में लापरवाही बरतने के चलते चेतावनी जारी की गई है।

मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने बताया है कि उपभोक्ताओं के परिसर में स्थापित मीटर की फोटो मीटर रीडिंग में लापरवाही बरतने और गलत मीटर रीडिंग लेने पर कंपनी कार्यक्षेत्र के अंतर्गत भोपाल में 6, भिण्ड,अशोक नगर, राजगढ़,नर्मदापुरम, दतिया, शिवपुरी और बैतूल में एक-एक तथा ग्वालियर में 5,आउटसोर्स मीटर वाचक को आदेशों की अव्हेलना और मीटर वाचन में गड़बड़ी के आरोप में सेवा से पृथक कर दिया गया है। कंपनी के प्रबंध संचालक गणेश शंकर मिश्रा ने मैदानी अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देशित किया है कि उपभोक्ताओं के परिसर पर शुद्धता के साथ मीटर वाचन होना चाहिए और मीटर रीडिंग के आधार पर ही उपभोक्ताओं को विद्युत देयक दिए जाएं। उन्होंने स्पष्ट किया है कि मीटर वाचकों के कार्य पर निष्ठा एप के द्वारा निगरानी रखी जाए और जो मीटर वाचक काम में लापरवाही बरत रहे हैं, उन्हें सेवा से पृथक किया जाए।

दरअसल फोटो मीटर रीडिंग ऐसी प्रक्रिया है जिसमें मानवीय हस्तक्षेप बिल्कुल नहीं है और मीटर वाचन में अंकित वाचन की फोटो खींचकर सिस्टम में दर्ज की जाती है। मीटर वाचकों पर कड़ी निगरानी और लापरवाही बरतने वाले मीटर वाचकों को सेवा से मुक्त किये जाने की कार्यवाही के कारण उपभोक्ताओं को काफी राहत मिली है। कुछ शहरों में क्यूआर कोड लगाने के कारण भी फायदा मिला है एवं इससे मीटर वाचन की प्रक्रिया जल्दी संपादित हो रही हैं। कंपनी ने कहा है कि मीटर वाचकों को प्रभावी प्रशिक्षण, निगरानी और कामकाज की साप्ताहिक समीक्षा और लापरवाही बरतने वाले मीटर वाचकों पर कार्यवाही का नतीजा है कि फोटो मीटर रीडिंग के माध्यम से उपभोक्ताओं के परिसर की फोटो मीटर रीडिंग शुद्धता के साथ हो रही है। कंपनी ने उम्मीद की है कि कंपनी में बिलिंग संबंधी शिकायतें शून्य की ओर होंगी।

# शपथ ग्रहण के कारण आज बदली रहेगी यातायात व्यवस्था

**भोपाल, देशबन्धु।** लाल परेड मैदान में बुधवार को प्रदेश की नई सरकार के मुखिया का शपथ ग्रहण कार्यक्रम होगा। इस वजह से सुबह नौ बजे से कार्यक्रम की समाप्ति तक लाल परेड मैदान के आसपास यातायात पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। इसके अतिरिक्त शहर के कुछ मार्ग भी परिवर्तित रहेंगे।

यातायात पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक लिली टाकीज चौराहा से लाल परेड मैदान की ओर, रोशनपुरा चौराहा से लाल परेड मैदान की ओर, पोलीटेक्निक चौराहा से लाल परेड मैदान की ओर, बाणगंगा चौराहा से लाल परेड मैदान की ओर, कोर्ट चौराहा से लाल परेड मैदान की ओर सामान्य यातायात पूर्णत: प्रतिबंधित रहेगा। वहीं रोशनपुरा चौराहा से भारत टाकीज की ओर एवं टीटी नगर से रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड की ओर जाने वाले समस्त प्रकार के वाहन अपैक्स बैंक, लिंक रोड नंबर-एक से होते हुये बोर्ड आफिस चौराहा, डीबी सिटी, प्रेस काम्प्लेक्स, बीएसएनएल तिराहा, ईओडब्ल्यू आफिस के सामने, केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक-एक, मैंदा मिल तिराहा, सुभाष नगर आरओबी ब्रिज, प्रभात चौराहा, बोगदापुल से होकर भारत टाकीज होते हुये अपने गंतव्य स्थान तक जा सकेंगे। इसी तरह भारत टाकीज से रोशनपुरा की ओर, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन से टीटी नगर, न्यू मार्केट की ओर जाने वाले समस्त प्रकार के वाहन भारत टाकीज से पुल बोगदा, प्रभात चौराहा, सुभाष नगर आरओबी ब्रिज, मैदा मिल तिराहा, केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक-एक, ईओडब्ल्यू आफिस के सामने, बीएसएनएल तिराहा, प्रेस काम्प्लेक्स, डीबी माल, बोर्ड आफिस चौराहा से होते हुये अपने गंतव्य स्थान तक जा सकेंगे।

# लाड़ली बहना की किश्त नहीं आने पर शिकायत करने पहुंची महिला



**भोपाल, देशबन्धु।** विधानसभा चुनाव निपटने के बाद पहली जनसुनवाई मंगलवार से शुरू हो गई। हालांकि, पहली जनसुनवाई में अपनी समस्याओं को लेकर कम लोग ही पहुंचे। वहीं कलेक्टर आशीष सिंह के प्रधानमंत्री दौरे कार्यक्रम में व्यस्त होने से कलेक्ट्रेट में एडीएम भूपेंद्र गोयल ने जनसुनवाई की।

चुनाव की आचार संहिता 9 अक्टूबर से लागू हुई थी, जो 5 दिसंबर को आचार संहिता समाप्त हो गई थी। हालांकि, इस दिन जनसुनवाई नहीं हुई थी, जिसे इस मंगलवार से फिर से शुरू किया गया। कलेक्ट्रेट की जनसुनवाई में पहुंची करोंद के मुल्ला कॉलोनी की विनीता जाट ने लाड़ली बहना की राशि नहीं मिलने की शिकायत की। विनीता ने बताया कि उनके खाते में सितंबर, अक्टूबर, नवंबर और दिसंबर महीने की राशि नहीं आई है। ऐसे में मुझे यह राशि तुरंत दी जाए। वहीं कुछ अन्य लोगों ने भी अपनी समस्याओं के आवेदन दिए। इनका निराकरण करने के लिए संबंधित विभाग को सौंपे गए।

इधर, आज जनसुनवाई में मौजूद रहने वाले अफसरों के नाम रजिस्टर में दर्ज किए गए। ताकि, गायब रहने या देरी से आने वालों पर कार्रवाई की जा सके। वहीं देरी से पहुंचे अफसरों को फटकार भी लगाई गई।

# अनुशासन समिति करेगी चुनावी शिकायतों का निराकरण

**भोपाल, देशबन्धु।** चुनाव के दौरान आपसी झगड़ों के निपटारे के लिए प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने अनुशासन समिति का पुनर्गठन कर दिया है। समिति के नए अध्यक्ष अशोक सिंह बनाए गए हैं, उनके सहयोग के लिए समिति में 7 सदस्यों को भी नियुक्त किया गया है।

उल्लेखनीय है कि विधानसभा चुनाव के दौरान पार्टी प्रत्याशी के खिलाफ भीतरघात की कई शिकायतें पार्टी को मिली हैं। कई प्रत्याशियों ने तो अपनी हार का ठीकरा ही अपनी पार्टी के भीतरघातियों पर फोड़ दिया है। कई विधानसभा क्षेत्र से पार्टी को व्यापक स्तर पर भीतरघात की शिकायतें प्राप्त होने पर समिति का पुर्नगठन किया गया और अब इन समस्त शिकायतों को अनुशासन समिति को सौंप दिया गया है। अब पुनर्गठन के बाद अब अनुशासन समिति इन शिकायतों पर सुनवाई करेगी और एक-एक कर शिकायतों का निराकरण करेगी। जरूरत पड़ी तो भीतरघात करने वालों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही की भी अनुशंसा पार्टी अध्यक्ष कमलनाथ से कर सकती है। हालांकि पार्टी से बगावत कर चुनाव कांग्रेस प्रत्याशी के खिलाफ उतरने वाले ज्यादातर को बाहर का रास्ता चुनाव परिणाम आने के पहले ही दिखा दिया है। इसके बाद भी व्यापक स्तर पर स्थानीय स्तर पर भीतरघात की शिकायतें आने का सिलसिला लगातार बना हुआ है।



## समिति में शामिल हैं ये नेता

वरिष्ठ नेता प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष एवं कोषाध्यक्ष अशोक सिंह को प्रदेश कांग्रेस की अनुशासन समिति का अध्यक्ष बनाया गया है। वहीं, 7 अन्य कांग्रेस नेताओं को समिति का सदस्य बनाया गया है। जिनमें पूर्व मंत्रीगण सज्जन सिंह वर्मा, पीसी शर्मा, हर्ष यादव, सईद अहमद, पूर्व सांसद गजेन्द्र सिंह राजूखेड़ी और पूर्व विधायक नेहा सिंह और प्रताप लोधी शामिल हैं।


## कार्यालय नगरपालिका परिषद मुलताई जिला बैतूल (म.प्र.)

Phone No. 07147-220262, Email ID cmomultai@mpurban.gov.in

क्रमांक / न.पा./रा.शा. / 2023/1615 मुलताई, दिनांक- 12.12.2023

### चतुर्थ नीलामी सूचना

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगरीय क्षेत्र मुलताई में नगरपालिका परिषद मुलताई द्वारा वर्ष 2023-24 हेतु माँ ताप्ती मेले का आयोजन दिनांक 27.11.2023 से 26.12.2024 तक श्रीराम ट्रस्ट भूमि ( मेला ग्राऊण्ड ) पर किया गया है। नगरपालिका परिषद मुलताई द्वारा मेला अवधि तक टू व्हीलर एवं फोर व्हीलर वाहनों की पार्किंग व्यवस्थाओं का कार्य ठेके पर दिया जाना है। जिसकी नीलामी नगरपालिका सभाकक्ष में दिनांक 13/12/2023 को समय 2.00 बजे दिन में की जावेगी । इच्छुक व्यक्ति दिनांक 13/12/2023 को समय 1.30 बजे तक धरोहर राशि रू. 2000/- जमा कर नीलामी बोली में भाग ले सकते है । निर्धारित समयावधि में धरोहर राशि जमा नही होने एवं बोली प्रारंभ होने के बाद नीलामी में भाग लेने का अधिकार नही होगा।

नोटः- अधिकतम जानकारी एवं नियम व शर्तें नीलामी के पूर्व कार्यालयीन समय में राजस्व शाखा में देखी जा सकती है।

**श्रीमति नीतू प्रहलादसिंह परमार**
**अध्यक्ष**
**नगरपालिका परिषद मुलताई**

**राजकुमार इवनाती**
**मुख्य नगरपालिका अधिकारी**
**नगरपालिका परिषद मुलताई**


## आईटीआई गोविंदपुरा में रोजगार मेला 19 को

**भोपाल, देशबन्धु।** शासकीय संभागीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था (आईटीआई) के प्राचार्य श्रीकांत गोलाईत ने बताया कि आईटीआई गोविंदपुरा में 19 दिसंबर को प्रात: साढ़े 10 बजे से रोजगार मेला लगाया जाएगा। उन्होंने बताया कि आईटीआई उत्तीर्ण व्यवसाय फिटर, इलेक्ट्रीशियन, इन्स्ट्रूमेंट मेकेनिक वर्ष 2022 एवं 2023 के उत्तीर्ण पुरूष एवं महिला अभ्यर्थियों के लिए आईटीसी कम्पनी लिमिटेड बडीयाखेडी इंडस्ट्रियल एरिया सीहोर का रोजगार मेला आयोजित किया गया है। इसमें नियुक्ति नियमित आधार पर 14 हजार 521 रूपए प्रतिमाह वेतन एवं रियायती दर पर भोजन एवं परिवहन व्यवस्था उपलब्ध की जाएगी।


न्यायालय नायब तहसीलदार, तहसील कोलार भोपाल म.प्र.

प्र.क्र. 2427/अ-6/2023-24

उद्घोषणा पत्र

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्रकरण में आवेदक पुष्पेन्द्र कुमार मिश्रा आ. श्री अनंतराम मिश्रा निवासी- भोपाल म.प्र.भू.रा.संहिता 1959 की धारा 109, 110 के अंतर्गत आवेदन पत्र प्रस्तुत कर रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रमांक एमपी 059702022 ए 1364689 दिनांक 31/03/2022 ग्राम- रतनपुर सड़क प.ह.नं.....स्थित भूमि खसरा नंबर 892/2/2 रकवा 0.674 हे. भूमि का नामांतरण राजस्व अभिलेखों में आवेदक के नाम पर किये जाने का अनुरोध किया है।

2-उक्त संबंध में किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह दिनांक 28/12/2023 को या इससे पूर्व इस न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति पेष कर सकता है । समयावधि पश्चात् प्रस्तुत किसी भी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। उक्त उद्घोषणा पत्र मेरे द्वारा न्यायालय की पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 11.12.2023 को जारी किया गया ।

**नायब तहसीलदार**
**तहसील कोलार भोपाल म.प्र.**



### कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल पलासी

तहसील संत हिरदाराम नगर (बैरागढ) जिला- भोपाल

रा.प्र.क्र. 0105/अ-12/23-24

**सूचना पत्र**

प्रति,

1. श्रीमती शांति अग्रवाल पुत्री श्री राजमल अग्रवाल निवासी 41, मारवाडी रोड भोपाल 2. श्री राजेन्द्र आ. घासीराम निवासी 41 मारवाडी रोड भोपाल 3. सर्वसाधारण - भूमिस्वामी

विषय - सीमांकन बावत्

आपको सूचित किया जाता है कि ग्राम बडवाई ह.नं. 77 के खसरा नं. 245/2/1/10 रकवा 0.0740 हे. के भूमि स्वामी श्री राजेन्द्र अग्रवाल आ. स्व. श्री घासीराम अग्रवाल निवासी भोपाल का सीमांकन श्रीमान तहसीलदार के आदेशानुसार दिनांक 19.12.2023 को समय 3:30 PM मौके पर उपस्थित रहे ।

मौके पर आप अपना पक्ष रखकर दस्तावेज पेश कर सकते हें । आपकी अनुपस्थिति में कार्य रोका नहीं जायेगा।

**राजस्व निरीक्षक**
**नजूल वृत्त**
**संत हिरदाराम नगर जिला- भोपाल**



### कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल पलासी

तहसील संत हिरदाराम नगर (बैरागढ) जिला- भोपाल

रा.प्र.क्रं. 0106/अ-12/23-24

**सूचना पत्र**

प्रति,

2. श्री राजेन्द्र अग्रवाल आ. घासीराम अग्रवाल पता निवासी- भोपाल 2. श्रीमति प्रियंका सोनी पत्नी श्री भूपेन्द्र सोनी निवासी भोपाल 3. श्री भूपेन्द्र सोनी आ. स्व. श्री रमेशचंद्र सोनी निवासी जैन मंदिर रोड भोपाल 4. श्रीमती शांति अग्रवाल पुत्री श्री राजमल अग्रवाल निवासी 41 मारवाडी रोड भोपाल 5. सर्वसाधारण - भूमिस्वामी

विषय - सीमांकन बावत्

आपको सूचित किया जाता है कि ग्राम बडवाई ह.नं. 77 के खसरा नं. 245/2/1/11 रकवा 0.0920 हे. के भूमि स्वामी श्रीमति शांति अग्रवाल पुत्री श्री राजमल अग्रवाल निवासी मारवाडी रोड भोपाल का सीमांकन श्रीमान तहसीलदार के आदेशानुसार दिनांक 19/12/2023 को समय 2:00 PM मौके पर उपस्थित रहे।

मौके पर आप अपना पक्ष रखकर दस्तावेज पेश कर सकते हें । आपकी अनुपस्थिति में कार्य रोका नहीं जायेगा ।

**राजस्व निरीक्षक**
**नजूल वृत्त**
**संत हिरदाराम नगर जिला- भोपाल**



RELIANCE Asset Reconstruction

### रिलायंस एसेट रिकंस्ट्रक्शन कं. लि.

पंजीकृत कार्यालय : 11वां तल, उत्तरी दिशा, आर-टेक पार्क, वेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई 400063

**सुरक्षित सम्पत्तियों की ई-नीलामी बिक्री के लिये सार्वजनिक सूचना**

बंधक संपत्तियों की ई-नीलामी बिक्री के लिए सार्वजनिक सूचना रिलायंस एसेट रीकन्स्ट्रक्शन कम्पनी लि. (आर ए आर सी), **''आरएआरसी 048 ( आरसीएफएल ) ट्रस्ट''** के टस्टी, रिलायंस कमर्शियल फायनेंस लि. द्वारा निष्पादित एसाइन्मेन्ट अनुबंध तिथि 28.03.2018 के द्वारा एक एसाइनी तथा नीचे वर्णित ऋणधारक का प्रतिभूत क्रेडीटर है। वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए अधोहस्ताक्षरी आम जनता को एतद्वारा सूचित करते है बकाया की वसूली के लिए ''ऑन-लाइन ई-नीलामी'' द्वारा नीचे वर्णित संपत्ति की बिक्री की जाएगी। नीचे वर्णित अन्य शर्तों के अतिरिक्त सम्पत्ति की बिक्री ''जैसा है जहां है'', ''जो भी वहां है'' तथा उपचार रहित आधार पर की जाएगी।

| ऋणी / जमानतदार का नाम | बकाया राशि | आधिपत्य दिनांक |
|---|---|---|
| 1. **मेसर्स लक्ष्मीपति बालाजी इन्फ्रास्टक्चर प्रा. लि.** (जमानतदार) **पंजीकृत कार्यालय**, 25, आम्रपाली इन्क्लेव, चूना भट्टी, कोलार रोड, भोपाल, मध्यप्रदेश, 462042<br>2. **श्री अजय पटेल ( डायरेक्टर एवं जमानतदार )** ई 8, बी-173, फार्चून प्राईड अरेरा कालोनी, बवधिया कला, भोपाल, 462039<br>3. **श्रीमती प्रीति पटेल ( डायरेक्टर एवं जमानतदार )** ई 8, बी/173, फार्चून प्राईड अरेरा कालोनी, बवधिया कला, भोपाल, 462039<br>4. **श्री याहा सैय्यद ( जमानतदार )** 17/5 सेक्टर ए, डीडीए कालोनी, कोह-ए-फिजा, भोपाल 462001<br>5. **श्री कमल भीमा लाल यादव**, 33, अहीरपुरा गली नं. 01, भोपाल मध्यप्रदेश 462001<br>6. **श्रीमती राजकुमारी पटेल ( जमानतदार )** ई 8, बी/173, फार्चून प्राईड अरेरा कालोनी, बवधिया कला, भोपाल, 462039 | रू. 20,42,07,445.29/- **( रूपये बीस करोड़ बयालीस लाख सात हजार चार सौ पैंतालीस एवं उनतीस पैसा मात्र )** मांग सूचना दिनांक 28/11/2023 को बकाया, भविष्य में 14.25 % प्रतिवर्ष की दर से ब्याज के साथ। उस पर प्राप्ति की तिथि तक। | 10.05.2023 |

| सम्पत्ति का विवरण | आरक्षित मूल्य | ईएमडी राशि |
|---|---|---|
| राजस्व सर्वेक्षण क्रमांक 323/122/1 क्षेत्रफल 12800 वर्ग फुट की एक व्यपवर्तित भूमि ग्राम नरेला शंकरी पी. एच. नंबर 20, तहसील हुजूर, जिला-भोपाल, 462023 मध्य प्रदेश में स्थित है। **सीमाएँ :-** पूर्व : वर्धमान सिटी कॉलोनी, पश्चिम : मिथलेश शर्मा की भूमि, उत्तर : सड़क, दक्षिण : सड़क | रू. 1,20,00,000/- **( रूपये एक करोड़ बीस लाख मात्र )** | रू. 12,00,000/- **( रूपये बारह लाख मात्र )** |

**नीलामी का विवरण :**
**सम्पत्ति का निरीक्षण** : **22.12.2023 को प्रात: 11.00 बजे से दोप. 01.30 तक**
**बोली जमा करने की अंतिम तिथि** : **27.12.2023**
**ई-नीलामी की तिथि** : **28.12.2023 दोपहर 3.00 बजे से सायं 4.00 बजे तक ( प्रत्येक 5 मिनिट के असिमित विस्तार के साथ )**

**ई-नीलामी बिक्री के नियम और शर्तें**

1. संपत्तियों का विक्रय आरक्षित मूल्य से कम पर नहीं किया जाएगा तथा प्रत्याभूत लेनदार की क्षमता में मे/स रिलायंस एसेट रिकन्स्ट्रक्शन कं.लि. (आरएआरएसी) के अनुमोदन के आधार पर विक्रय प्रक्रिया संपन्न होगी। संपत्तियों का विकय शुद्ध रूप से **''जहां हैं, जैसा है'' तथा ''जैसा भी हो''** के आधार पर किया जाएगा।
2. ई-नीलामी की प्रक्रिया आरएआरसी द्वारा अनुमोदित सेवा प्रदाता **मे/स आरका ईमार्ट प्राईवेट लि.** के माध्यम से संपन्न होगी। वेबसाईट **https://www.Auctionbazaar.com** (मे/स आरका ईमार्ट प्राईवेट लि. का वेब पोर्टल) ऑनलाईन ई नीलामी बिक्री के सामान्य नियम एवं शर्तें के साथ ऑनलाई ई-नीलामी बोली फार्म वाले ई-नीलामी निविदा दस्तावेज वेबसाइट पर उपलब्ध है, वेबसाईट www.rarcl.com एवं **https://www.Auctionbazaar.com** इच्छुक बोलीदाता प्रासंगिक दस्तावेज डाउनलोड कर सकते हैं।
3. ई-नीलामी में सहभागिता से पूर्व इच्छुक बोलीदार वैध ई मेल आईडी धारक होना चाहिए क्योंकि ई-नीलामी एजेंसी द्वारा भागीदार को आईडी एवं पासवर्ड उनके ई-मेल आईडी पर प्राप्त होगा।
4. इच्छुक बोलीदाताओं को ईएमडी प्रेषण विवरण के साथ स्व-प्रमाणित **केवाईसी दस्तावेजों** (पैन, आधार कार्ड आदि) के साथ निर्धारित प्रारूप में अपनी बोली जमा करनी होगी और इसे रिलायंस एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड (आरएआरसी) के अधिकृत अधिकारी, 11वीं मंजिल, नॉर्थ साइड, आर टेक पार्क, वेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई-400063 और ईमेल द्वारा **Narendra.r.shukla@relianceada.com** एवं vinod.pawaskar@relianceada.com पर जमा करना होगा। जिसके बाद भागीदारी आईडी और पासवर्ड केवल उनके ईमेल पर सूचित किया जाएगा। बोली फॉर्म जमा करने की अंतिम तिथि **27.12.2023** को शाम 5 बजे तक है। किसी भी कारण से देरी से प्राप्त बोली फॉर्म या ईएमडी पर विचार नहीं किया जाएगा। ईएमडी के बिना बोली और आरक्षित मूल्य से नीचे की बोली को सरसरी तौर पर खारिज कर दिया जाएगा।
5. सभी बोलीदाताओं को आईबीसी की धारा 29 (ए) के तहत उपक्रमका का अनुपालन करना आवश्यक है।
6. नेटवर्क व्यवधान के कारण बोलीदाता की ओर से किसी भी चुकविफलता के लिए न तो आरएआरसी 5.और न ही सेवा प्रदाता जिम्मेदार होगा। ऐसी घटनाओं से बचने के लिए, बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि वे वैकल्पिक पावर बैक-अप आदि जैसी सभी आवश्यक व्यवस्थाएं करें।
7. धरोहर राशि (ईएमडी) का भुगतान करंट अकाउंट नं. **57500000169429** बैंक का नाम: **एचडीएफसी बैंक, शाखा फोर्ट, मुंबई** हितग्रहिता का नाम- **आरएआरसी 048 ( आरसीएफएल ) ट्रस्ट**, IFSC Code: **HDFC0000060** में RTGS/NEFT फंड ट्रांसफर के माध्यम से जमा करें। कृपया नोट करें कि ईएमडी के रूप में चेक / डिमांड ड्राफ्ट स्वीकार नहीं होंगे।
8. आरक्षित मूल्य से कम तथा / या बिना ईएमडी राशि के बोलियां स्वीकार नहीं होंगी। बोलीदार अपनी बोलियों को रु. **1,00,000/- ( रुपए एक लाख मात्र )** के गुणांकों में बढ़ा सकेंगे।
9. सफलतम बोलीदार को सफल बोलीदार की घोषणा के तुरंत बाद बोली राशि / विक्रय मूल्य (पूर्व में भुगतान की गई धरोहर राशि सहित) की 25% राशि जमा करना होगी। सफलतम बोलीदार को बोली राशि / विकय मूल्य के शेष 75% राशि सफल बोलीदार की घोषणा के 15 दिन के अंदर जमा करना होगी।
10. यदि सफल बोलीदार उक्त अंकित विक्रय मूल्य की राशि जमा करने में चूक कर जाता है तो बिना किसी अग्रीम सूचना के ईएमडी सहित समस्त जमा राशियां राजसात कर ली जाएंगी। तथापि, शेष 75% राशि के भुगतान हेतु पर्याप्त समयावधि प्रदान की जाएगी एवं यह निर्णय संपूर्णतया प्राधिकृत अधिकारी के अधिकार क्षेत्रांतर्गत होगा।
11. असफल बोलीदारों की ईएमडी राशि ई-नीलामी विक्रय प्रक्रिया को संपन्नता पश्चात् बिना ब्याज के वापस कर दी जाएगी।
12. प्राधिकृत अधिकारी द्वारा दी गई जानकारी उनके सर्वश्रेष्ठ ज्ञान, विश्वास एवं रेकॉर्डस अनुसार है। किसी भी चूक, मिथ्याकथन या भूल आदि के लिए प्राधिकृत अधिकारी उत्तरदायी नहीं है।
13. अधोहस्ताक्षरकर्ता प्राधिकृत अधिकारी के पास बिना किसी पूर्व सूचना के बोली को स्वीकार या निरस्त करने या विक्रय को विलंबित करने / आगे बढ़ाने / निरस्त करने तथा विकय की शर्तों एवं नियमों में परिवर्तन करने का संपूर्ण अधिकार एवं स्वनिर्णय करने के अधिकार सुरक्षित है।
14. बोलीदारों को अपनी बोली प्रस्तुत करने से पूर्व अपने स्वयं के स्त्रोतों से संपत्तियों पर भारित शुल्कों / अधिभारों के संबंध में सूचनाएं प्राप्त करनी चाहिए एवं संपत्तियों की गुणवत्ता, स्वामित्व एवं भौतिक सत्यापन कर लेना चाहिए। ऑनलाइन बोली प्रस्तुत होने के पश्चात् संपत्तियों पर भारित शुल्कों, अधिभारों तथा अन्य कोई मामलें आदि के संबंध कोई भी आपत्ति स्वीकार नहीं होगी। संपत्तियों पर स्टाम्प ड्यूटी / पंजीयन शुल्क सहित कोई विलंबित राशि, देयताएं, कर, शुल्कों
15. वैधानिक हो या अन्य क्रेता द्वारा वहन की जाएगी।
16. अधिक जानकारी हेतु संपर्क करें : **श्री नरेन्द्र शुक्ला, सहायक प्रबंधक-समाधान, मो. 9321339065 या श्री विनोद पावसकर, हेड लीगल, मो. 8080722836** / रिलायंस एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी लि., से उपरोक्त पते पर संपर्क कर सकते हैं।
17. बिक्री प्रमाणपत्र संपूर्ण बिक्री प्रतिफल की प्राप्ति और सुरक्षित ऋणदाता द्वारा बिक्री की पुष्टि के बाद जारी किया जाएगा। बिक्री प्रमाणपत्र सफल बोली लगाने वाले के नाम पर जारी किया जाएगा। बोली जमा करने / ई-नीलामी में भाग लेने वाले व्यक्ति के अलावा बिक्री प्रमाणपत्र में नाम बदलने के किसी भी अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा।

**इस सूचना में सरफेसी अधिनियम तथा तद्नुसार नियमांतर्गत ऋणीयों / जमानतदारों / बंधककर्ताओं हेतु 15 दिन की सूचना अवधि शामिल हैं।**

**स्थान : भोपाल**
**दिनांक : 13.12.2023**

**प्राधिकृत अधिकारी**
**वास्ते रिलायंस एसेट रिकंस्ट्रक्शन कं. लि.**



# OFFICE OF THE NAGAR PALIKA, SIRONJ DIST.- VIDISHA

## (2nd CALL)

## Section-1

## Notice Inviting e-Tenders

NIT No. 2098 Dated: -19.08.2023

Online PERCENTANGE RATE TENDER bid for the following AMRUT 2.0 works are invited from registered contractors and firms of repute fulfilling eligibility criteria:

Tender ID No. 2023_UAD_300314_2

| S. No. | Work | Probable Amount (In lacs) | Completion Period (months) |
|---|---|---|---|
| 1.0 | REJUVENATION OF KETHAN RIVER AT SIRONJ UNDER AMRUT 2.0 SCHEME<br>1. Construction of Stone Boulder Pitching<br>2. Construction of Stone Masonry Toe wall<br>3. Construction of R.C.C Toe Wall at river turnings and near Hanuman temple<br>4. Levelling for Pitching and Plantation (150 Nos). | Rs. 143.86 Lakhs | 09 months including rainy season |

1. Interested Bidder can view the NIT on website www.mptenders.gov.in and www.mpurban.gov.in
2. The Bid Document can be purchased only Online from 10:30 Hrs of 09.12.2023 to 17:30 Hrs of 23.12.2023
3. Amendment to NIT, if any, would be published on website only, and not in News paper.
4. GST shall be paid separately as per norms.
The initial period of 1 year after completion shall be treated as Defect Liabilty Period (DLP).

**CMO**
**NAGAR PALIKA SIRONJ**

भोपाल, बुधवार 13 दिसम्बर 2023
संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

## इस चेतावनी को सुनना होगा

मंगलवार को संसद भवन के बाहर कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने पत्रकारों से चर्चा में दो-तीन मार्के की बातें कही हैं, जिन पर गौर फरमाया जाना चाहिए। राहुल गांधी ने पत्रकारों के जरिए एक बार फिर आम जनता के लिए संदेश दिया है कि कांग्रेस आने वाले वक्त में भी जाति जनगणना के मुद्दे को उठाती रहेगी। श्री गांधी ने कहा कि मूल मुद्दा जाति आधारित जनगणना है और लोगों का पैसा किसे मिल रहा है? वे (भाजपा) इस मुद्दे पर चर्चा नहीं करना चाहते हैं, वे इससे दूर भागते हैं। हम इस मुद्दे को आगे बढ़ाएंगे और सुनिश्चित करेंगे कि गरीबों को वह मिलता है जिसके वे हकदार हैं। गौरतलब है कि हाल में संपन्न पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों में लगभग हर रैली में राहुल गांधी ने जाति जनगणना की बात की थी और साथ ही दावा किया था कि कांग्रेस की सरकार आने पर वह इसे अमल में लाएगी। तेलंगाना के अलावा कांग्रेस को किसी राज्य में जीत नहीं मिली, बल्कि उम्मीद के विपरीत मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान भाजपा के पास चले गए। भाजपा जातिगत जनगणना के मुद्दे से बचती रही है, बल्कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने तो यहां तक कह दिया था कि इस देश में केवल गरीबी ही जाति है और कोई जाति नहीं है। लेकिन जिस तरह छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश में क्रमश: विष्णु देव साय और मोहन यादव को मुख्यमंत्री पद दिया गया है, उससे दिखाई दे रहा है कि भाजपा को अंतत: राहुल गांधी की लीक पर ही चलना पड़ा है। भाजपा इस बात को मानती है या नहीं, ये अलग बात है।

संसद के बाहर राहुल गांधी ने दूसरी महत्वपूर्ण बात पं.नेहरू को लेकर फैलाए जा रहे भ्रम पर की। गृहमंत्री अमित शाह ने पहले लोकसभा में और फिर सोमवार को राज्यसभा में भी जम्मू-कश्मीर को लेकर पं. नेहरू को निशाने पर लिया और उन पर गलतियों का ठीकरा फोड़ा। इसके बाद देश में इसी बात पर चर्चा होने लगी कि आजादी के बाद जब जम्मू-कश्मीर का विलय देश में हुआ और पाकिस्तानी कबाइलियों को भारतीय सेना ने हरा कर भगा दिया, उस वक्त और क्या-क्या हुआ था, तब किस तरह के हालात थे। उस बारे में माउंटबेटन से लेकर सरदार पटेल और नेहरू से लेकर शेख अब्दुल्ला और राजा हरिसिंह की क्या भूमिकाएं थीं। किसकी गलती थी, किसकी नहीं, इस पर नयी बहस शुरु हो गई। ऐसी बहसें अगर स्वस्थ मानसिकता और निष्पक्षता से की जाएं, तब तो इनका लाभ है। मगर इस समय बहस नहीं होती, केवल दोषारोपण होता है और उसमें भी नेहरूजी पर ही लक्ष्य साधा जाता है। इन हालात में राहुल गांधी ने साफ कहा कि वे हमें इस मुद्दे (जाति जनगणना) से भटकाने के लिए जवाहरलाल नेहरू और अन्य के बारे में बात करते हैं। राहुल गांधी ने एक बार फिर भाजपा की नब्ज बिल्कुल सही जगह पर पकड़ी है। देश में इस वक्त जाति जनगणना वाकई एक बड़ा मुद्दा है, क्योंकि इसके जरिए ही सामाजिक न्याय के मकसद को पूरा किया जा सकता है। जब सामाजिक न्याय के लिए माहौल बनेगा, तब आर्थिक न्याय की प्रक्रिया भी अपने आप शुरु हो सकेगी। दरअसल ये सारी बातें एक-दूसरे पर ही आश्रित हैं और इसलिए राजनैतिक विमर्श में इनका केंद्र में रहना जरूरी है। संसद सत्रों के तमाम दिनों में इन पर अधिक से अधिक विचार-विमर्श होना चाहिए। लेकिन अभी आलम ये है कि संसद में की जा रही विवादास्पद बातें ही सुर्खियां बनती हैं। 140 करोड़ लोगों के लिए नियम-कानून बनाते वक्त सरकार कितनी देर और कितनी गंभीरता से विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करती है, इसकी कोई खबर ही आम जनता को नहीं हो पाती। जब कोई कानून बन जाता है या रद्द हो जाता है, तभी लोगों को पता चलता है। ये बात लोकतंत्र के लिए बिल्कुल अच्छी नहीं है। इसलिए राहुल गांधी ने ध्यान भटकाने वाली जो बात कही है, वो सटीक है।

राहुल गांधी ने तीसरी टिप्पणी इतिहास में नेहरूजी की भूमिका को लेकर की। दरअसल पं.नेहरू पर राज्यसभा में अमित शाह ने कहा कि अगर असमय सीजफायर नहीं होता, तो आज पाक ऑक्यूपाइड कश्मीर नहीं होता। हमारी सेना जीत रही थी वो भाग रहे थे। नेहरू दो दिन रुक जाते तो पूरा पाक ऑक्यूपाइड कश्मीर तिरंगे के तले आ जाता। इतिहास के एक बेहद जटिल मुद्दे का यह अतिसरलीकरण है कि अगर दो दिन का इंतजार किया जाता तो आज पीओके ही नहीं होता। जिन नेहरू की बुद्धिमत्ता और दूरदर्शिता का लोहा दुनिया के बड़े नेता मानते रहे हैं, उन्हें भाजपा आला दर्जे के मूर्ख नेता की तरह प्रस्तुत कर रही है, और लोगों को यह बता रही है कि देश की समस्याओं के नेहरू जिम्मेदार हैं। राहुल गांधी ने अमित शाह की इस टिप्पणी पर कहा कि 'पंडित नेहरू ने भारत के लिए अपनी जान दे दी, वह वर्षों तक जेल में रहे। अमित शाह इतिहास से अनजान हैं। मैं उनसे इतिहास जानने की उम्मीद नहीं कर सकता, उन्हें इसे दोबारा लिखने की आदत है...।'

राहुल ने यहां बहुत गहरी बात कही है। क्योंकि तथ्यों को नजरंदाज करते हुए इतिहास को दोबारा लिखने की कोशिश वही करते हैं, जो बिना योगदान के अपने लिए श्रेय की तलाश में रहते हैं। भाजपा के पूर्वजों का भारतीय स्वाधीनता संग्राम में कोई योगदान नहीं था, ये सब जानते हैं और लोग अब ये भी देख रहे हैं कि भाजपा के दस सालों के दीर्घ शासन में देश कैसी समस्याओं से घिर चुका है। इनमें सबसे बड़ी समस्या लोकतंत्र को बचाने की है। अनुच्छेद 370 के हटाने पर सुप्रीम कोर्ट से आए फैसले के बाद अमित शाह ने संसद में विपक्ष को चेतावनी दी कि लौट आइए, नहीं तो जितने हो, उतने भी नहीं बचोगे। यह अपने आप में एक अलोकतांत्रिक टिप्पणी है। क्योंकि विरोध करना विपक्ष का धर्म है। इसी तरह शिवसेना सांसद संजय राउत पर प्रधानमंत्री के खिलाफ लेख लिखने पर एफआईआर दर्ज होना, या जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय में छात्रों को धरना देने पर 20 हजार और राष्ट्र विरोधी नारे लगाने पर 10 हजार रुपये के जुर्माने का फरमान जारी करना, सभी लोकतंत्र के खत्म होते जाने की चेतावनी है।

राहुल गांधी इस चेतावनी को बार-बार दोहरा रहे हैं, देखना है कि जनता इसे सुनती है या नहीं।

# क्या कारगर होंगे भाजपा के नये-पुराने हथियार?

जैसे-जैसे लोकसभा के चुनाव नज़दीक आ रहे हैं, भारतीय जनता पार्टी अपने शस्त्रागार में हथियार एकत्र कर रही है। इनमें से कुछ तो उसके पुराने हैं, कुछ नये। पुराने शस्त्रों को सहेजकर रखते हुए उसने हाल के सियासी घटनाक्रम से कई नये हथियार भी एकत्र किये हैं। आने वाले समय में उसके पास कुछ और शस्त्र उपलब्ध हो जायेंगे। देखना होगा कि इनके जवाब में मुख्य प्रतिद्वंद्वी दल कांग्रेस और संयुक्त प्रतिपक्ष 'इंडिया' किस तरह से अपनी रणनीति बनाता है। सम्भव है कि जिस प्रकार से इंडिया मजबूत हो रहा है, उसके चलते भाजपा बहुआयामी रणनीति बना रही है क्योंकि उसे अगले चुनाव (लोकसभा) में अनेक दलों से विभिन्न मुद्दों पर चुनाव लड़ना होगा। इस लड़ाई में अगर कांग्रेस को बने रहना है तो उसे भाजपा के पुराने के साथ नये संग्रहित हथियारों की काट अभी से ढूंढनी होगी। उसका 'एक के खिलाफ केवल एक प्रत्याशी' का जो फार्मूला इंडिया के सहयोग से बन रहा है, वह तो काम करेगा ही, प्रभावशाली विमर्श ही गठबन्धन को चुनाव के पूर्व और पश्चात बांधे रखेगा।

भाजपा का पुराना अस्त्र कहें या शस्त्र क्या है, तो नि:संदेह वह ध्रुवीकरण है। इस साल के मध्य में कर्नाटक विधानसभा के हुए चुनाव में उसे मिली हार से एकबारगी यूं प्रतीत हो रहा था कि वह इसका आगे उपयोग नहीं करेगी, लेकिन हाल ही में समाप्त हुए पांच राज्यों के चुनावों में से कम से कम राजस्थान व छत्तीसगढ़ में तो उसका साम्प्रदायिकता का कार्ड सफल होता दिखा है। साजा विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस के कद्दावर नेता रवींद्र चौबे को ईश्वर साहू द्वारा परास्त करना बतलाता है कि उसका दांव कारगर साबित हुआ है। ईश्वर साहू के पुत्र भुनेश्वर को साम्प्रदायिक झगड़े में मार डाला गया था। ऐसे ही, कवर्धा विधानसभा क्षेत्र से कद्दावर नेता मोहम्मद अकबर को हराने वाले विजय शर्मा को उपमुख्यमंत्री बनाना इस बात का इशारा है कि भाजपा की चुनावी रणनीति अब भी इस पर बड़े तौर पर आश्रित है। 2018 का चुनाव 60 हजार वोटों से जीतने वाले अकबर का 40 हजार मतों से हारने का अर्थ है कि भाजपा का ध्रुवीकरण का हथियार अब भी धारदार है। राजस्थान में भी भाजपा ने कन्हैयालाल दर्जी की हत्या को निर्णायक बना दिया जिसके आगे अशोक गहलोत के जमीनी मुद्दे धराशायी हो गये। यहां बाबा बालकनाथ, बालमुकुंद आचार्य समेत चार संन्यासी चुनाव जीते हैं। साम्प्रदायिकता के विमर्श को ये साधुगण कैसे आगे बढ़ाएंगे, इसकी एक बानगी आचार्य अपने क्षेत्र हवामहल में नॉन वेज के ठेले व दुकानों को बन्द कराकर दिखला चुके हैं।

जातिगत जनगणना के जरिये कांग्रेस के राहुल गांधी व जनता दल यूनाईटेड के नीतीश कुमार ने जो सामाजिक न्याय का विमर्श बढ़ाया है; और जिसे वे और बड़ा मुद्दा बना रहे हैं, उसे खेलने की शुरुआत


डॉ. दीपक पाचपोर

जातिगत जनगणना के जरिये कांग्रेस के राहुल गांधी व जनता दल यूनाईटेड के नीतीश कुमार ने जो सामाजिक न्याय का विमर्श बढ़ाया है; और जिसे वे और बड़ा मुद्दा बना रहे हैं, उसे खेलने की शुरुआत भाजपा ने कर दी है। पहले छत्तीसगढ़ में कांग्रेस के ओबीसी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के खिलाफ भाजपा द्वारा अपने ओबीसी राज्य अध्यक्ष अरूण साव का चेहरा लाया गया और हवा बनाई गई कि अगर पार्टी जीतती है तो उन्हें सीएम बनाया जा सकता है।

भाजपा ने कर दी है। पहले छत्तीसगढ़ में कांग्रेस के ओबीसी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के खिलाफ भाजपा द्वारा अपने ओबीसी राज्य अध्यक्ष अरूण साव का चेहरा लाया गया और हवा बनाई गई कि अगर पार्टी जीतती है तो उन्हें सीएम बनाया जा सकता है। ऐसे ही, अमित शाह ने रायगढ़ के प्रत्याशी पूर्व आईएएस ओपी चौधरी को भी बड़ा ओहदा देने का संदेश उनके मतदाताओं को दिया था। वे भी ओबीसी से आते हैं। देखना यह होगा कि उन्हें कौन सा बड़ा पद मिलेगा। उधर मध्यप्रदेश में तो भाजपा ने डॉ. मोहन यादव को ही सीएम बना दिया है। यह एक तरह से संकेत हैं कि पार्टी ओबीसी कार्ड खेल रही है। यह अलग बात है कि यादव कभी भी ओबीसी नेता के रूप में स्थापित नहीं रहे, न ही मान्य।

मोदी की गारंटियों की चर्चा भी विधानसभा के इन चुनावों में बहुत हुई है। छत्तीसगढ़ में मतदाताओं ने कांग्रेस की किसानों को कर्ज माफी की बजाय उस पार्टी को चुना जो इस मामले में मौन है। धान के 3200 रुपए प्रति क्विंटल की जगह उसे भाजपा का 3100 रुपए का मूल्य पसंद आया है। ऐसे ही, उन्हें कांग्रेस की केजी से पीजी तक की लड़कियों को मुफ्त शिक्षा योजना के स्थान पर भाजपा की केवल पीजी की मुफ्त शिक्षा अधिक भायी। विवाहित महिलाओं को कांग्रेस 15 हजार रुपए सालाना देना चाहती थी पर वोटरों को भाजपा के वार्षिक 12 हजार रुपए अधिक लगे। उधर राजस्थान की 50 लाख तक की चिरंजीवी मुफ्त चिकित्सा योजना को उसने नकार दिया और भाजपा को तरज़ीह दी। वैसे भाजपा ने अन्य कई घोषणाएं की हैं, खासकर सस्ते गैस सिलेंडर व पीजी पढ़ने वाली लड़कियों को मुफ्त स्कूटी। मध्यप्रदेश में शिवराज चौहान की लाडली बहन योजना भी चर्चित रही। यह दीगर बात है कि मोदी ने वहां की अपनी सभाओं में उसका ज़िक्र तक नहीं किया। देखना होगा कि जिन वादों, गारंटियों व आश्वासनों के बल पर भाजपा ने तीन राज्य जीते हैं उन पर कितना अमल होता है। लोकसभा चुनाव में उनके नामों पर भाजपा तभी अपनी छाती ठोंक सकेगी जब इस अल्पावधि में उन पर प्रभावशाली अमल होगा।

अगर इस पर चर्चा करें कि आने वाले समय में भाजपा के तरकश में कौन से नये तीर रखे जा सकते हैं, तो कहा जा सकता है कि मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट द्वारा जम्मू-कश्मीर के मसले पर सरकार के पक्ष में दिये गये फैसले का वह लाभ लेने की कोशिश करेगी। शीर्ष कोर्ट की पांच सदस्यीय पीठ ने अनुच्छेद 370 को समाप्त करने वाले केन्द्र के निर्णय को सही ठहराया। इसे भाजपा सरकार अपनी तथा अप्रत्यक्ष रूप से हिन्दुवादी विचारों की बड़ी जीत बता रही है। आश्चर्य नहीं होना चाहिये अगर इस फैसले का फायदा लेने का पूरा वह पूरा कार्यक्रम ही बना डाले। इसके अलावा जिस मुद्दे का वह सर्वाधिक लाभ लेने की तैयारी करती हुई दिख रही है, वह है अयोध्या का नवनिर्मित राममंदिर। इसका उद्घाटन स्वयं मोदी 22 जनवरी, 2024 को करने जा रहे हैं। इसका निमंत्रण देश के हर घर तक पहुंचाने की तैयारी चल रही है।

अब सवाल यह बनता है कि क्या इस बहुकोणीय नीति का भाजपा को लाभ मिलेगा? सम्भव है कि हिन्दी पट्टी में उसके वोट बैंक पर कुछ असर पड़े। विशेषकर, जो लोग मोदी सरकार प्रदत्त महंगाई, बेरोजगारी, प्रशासनिक नाकामियों के चलते उससे छिटक रहे हैं, वे फिर से भाजपा के समर्थन में आ सकते हैं। इसकी काट कांग्रेस समेत इंडिया के पास यह होगा कि उसके मतों का इस बार वैसा विभाजन नहीं होगा जैसा कि अब तक होता आया है। अभी तेलंगाना और कुछ अर्सा पहले कर्नाटक हारने के बाद दक्षिण में भाजपा के दरवाजे बन्द हो चले हैं। मणिपुर की घटनाओं के बाद पूर्वोत्तर में वह बेहद अलोकप्रिय हो गई है। यह भी याद रखना होगा कि भाजपा का प्रचार अभियान पूर्णत: मोदी पर निर्भर है। देखना होगा कि बचे चार-पांच माह में वे देश के कितने हिस्सों दौरा कर सकेंगे। दूसरी तरफ उनके खिलाफ विभिन्न नेता राष्ट्रीय स्तर पर या अपने-अपने राज्यों में बड़े चेहरे हैं जो पहले भी मोदी-भाजपा को निष्प्रभावी कर चुके हैं। सबसे केवल दो लोगों को लड़ना है-मोदी व शाह। अंतिम बात, तीन राज्य हारकर भी कांग्रेस हतोत्साहित नहीं है क्योंकि इन चुनावों में उसने 40 प्रतिशत वोट हासिल किये हैं जो भाजपा से करीब 10 लाख ज्यादा हैं। 19 दिसम्बर को दिल्ली में इंडिया के सहयोगी दल मिल रहे हैं। देखना होगा कि वे किस तरह से अपनी रणनीति को अंतिम रूप देते हैं।

**(लेखक देशबन्धु के राजनीतिक सम्पादक हैं)**

# भगवा से मुकाबला के लिए इंडिया गठबंधन को चाहिए एक अधिक आकर्षक आख्यान

■ कल्याणी शंकर

पांच राज्यों के चुनाव संपन्न होने के बाद सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी और विपक्ष 2024 के लोकसभा चुनाव की तैयारी में लग गये हैं। भाजपा हिंदी पट्टी में अपना गढ़ बनाये रखने को लेकर आश्वस्त है और विपक्ष उन्हें प्रभावी ढंग से चुनौती देने में विफल रहा है। नवंबर में हुए चुनावों में राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में भजपा ने जीत हासिल कर ली है।

भाजपा भारत में एक प्रमुख राजनीतिक शक्ति बन गई है। पार्टी ने अपनी पहुंच का विस्तार किया है और वर्तमान में 18 राज्यों में सत्ता पर काबिज है। यह इसके दृढ़ नेतृत्व, सुव्यवस्थित संरचना, विशाल संसाधनों और प्रभावी संचार के कारण है। इसके अलावा, भारतीय राजनीति में दक्षिणपंथ की ओर एक महत्वपूर्ण बदलाव आया है। नरेंद्र मोदी और अन्य विपक्षी नेताओं की लोकप्रियता रेटिंग में काफी अंतर है। पार्टी का नया नारा है-'नई गति, नई प्रतिज्ञा।'

पिछले दस वर्षों में, नरेंद्र मोदी ने भाजपा की हिंदू राष्ट्रवाद की मूल अवधारणा को प्रभावी ढंग से बढ़ावा दिया है। पार्टी ने मतदाताओं को जीतने के लिए नकद हस्तांतरण, मुफ्त राशन और किफायती गैस सिलेंडर जैसी कल्याणकारी योजनाएं लागू की हैं। एक और महत्वपूर्ण विचार अयोध्या में राम मंदिर का उद्घाटन अगले साल जनवरी में करने की योजना है। उच्च बेरोजगारी, मुद्रास्फीति और मूल्य वृद्धि जैसी चुनौतियों का सामना करने के बावजूद, ये योजनाएं जनता के बीच लोकप्रिय बनी हुई हैं। भाजपा इन्हीं के आधार पर पार्टी के लिए तीसरे कार्यकाल की वकालत कर रही है।

भाजपा को दक्षिण के लिए नये सिरे से रणनीति विकसित करने की जरूरत है, जबकि कांग्रेस को उत्तर पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। जहां तक क्षेत्रीय दलों की बात है तो उनकी प्राथमिकता अपने वफादार मतदाता आधार को बनाये रखने की होनी चाहिए। इसके अलावा, मतदाताओं को जीतने के लिए केवल मुफ्त उपहार देना हमेशा पर्याप्त नहीं होता है। उनका विश्वास और समर्थन अर्जित करने के लिए और अधिक प्रयास करना आवश्यक है।

भाजपा को दक्षिणी राज्यों में समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है और पार्टी इन राज्यों में चुनाव जीतने के लिए केवल मोदी के करिश्मे पर निर्भर रहने से परे नयी रणनीति अपना सकती है। केन्द्रीय नेतृत्व पार्टी के भीतर आंतरिक असहमति को दूर करने की कोशिश कर रहा है।

हालांकि, उन्हें एक नया आख्यान बनाने की ज़रूरत है जो दक्षिणी राज्यों के मतदाताओं के साथ प्रतिध्वनित हो। हिंदुत्व और सनातन धर्म की मौजूदा विचारधारा इन राज्यों के लोगों को पसंद नहीं आ रही है। एक ऐसी विचारधारा वाली पार्टी के रूप में यह उत्तर भारत की जरूरतों को पूरा करती है।

अन्य राजनीतिक दलों के विपरीत, द्रविड़ दलों ने दशकों से सामाजिक न्याय को बढ़ावा दिया है। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन द्रविड़ प्रशासन मॉडल की बात करते रहे हैं। दक्षिणी क्षेत्र में 543 लोकसभा सीटों में से 131 सीटें हैं। केरल में कई कम्युनिस्ट समर्थक हैं। तमिलनाडु मुख्य रूप से नास्तिक है, और भाजपा का कर्नाटक में कुछ आधार है। हालांकि, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में क्षेत्रीय पार्टियां हैं, जिससे इन राज्यों में भाजपा का समर्थन सीमित है।

विपक्षी इंडिया गठबंधन हाल के चुनावों में कांग्रेस के खराब प्रदर्शन से निराश है। अगर सबसे पुरानी पार्टी कम से कम दो उत्तरी भारतीय राज्यों में जीत हासिल करती तो राहुल गांधी सफल हो सकते थे। कांग्रेस को अगले चुनाव से पहले एक नयी चुनावी रणनीति अपनानी होगी।

मोदी को चुनौती देने के लिए अगले चार महीनों में गैर-भाजपा वोटों के विभाजन को रोकने के लिए विपक्षी दलों को एकजुट होना होगा। पहले कदम के रूप में, उन्हें उन सीटों पर एक ही उम्मीदवार खड़ा करने पर सहमत होना चाहिए जहां भाजपा प्राथमिक दावेदार है। कांग्रेस पार्टी को सफलता की अधिक संभावना वाले निर्वाचन क्षेत्रों को जीतने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। व्यक्तिगत एजेंडों और अहंकारी सत्तारूढ़ पार्टी को हराने को प्राथमिकता देना आवश्यक है।

कांग्रेस को अपने नेतृत्व को अद्यतन करने और पुरानी प्रथाओं को पीछे छोड़ने की जरूरत है। तृणमूल कांग्रेस ने कांग्रेस के खराब प्रदर्शन की आलोचना की और कहा कि भाजपा की जीत कांग्रेस की विफलता का नतीजा है। आंतरिक संघर्षों, कमजोर गठबंधनों और वर्तमान राजनीतिक माहौल की समझ की कमी के कारण कांग्रेस चुनाव हार गई। सुधार के लिए, कांग्रेस को उचित भूमिकाओं के लिए सक्षम व्यक्तियों की भर्ती करनी चाहिए और अपने समर्थकों को प्रेरित करना चाहिए।

राहुल गांधी ने कांग्रेस पार्टी को पुनर्जीवित करने के लिए 4,000 किलोमीटर की भारत जोड़ो यात्रा का नेतृत्व किया। इससे पार्टी को कर्नाटक और तेलंगाना में महत्वपूर्ण जीत हासिल करने में मदद मिली। हालांकि, यात्रा की सफलता मुख्यत: दक्षिण भारत तक ही सीमित थी और उत्तर में इसका कोई प्रभाव नहीं पड़ा।

भाजपा से मुकाबला करने के लिए विपक्ष को अधिक धन की आवश्यकता है। भगवा पार्टी अपने अभियान को टॉप गियर में रखने के लिए अपने धन का उपयोग करती है। पिछले पांच वर्षों में कांग्रेस को रुपए 1,547.43 करोड़ की तुलना में भाजपा को रुपए 10,122.03 करोड़ का राजनीतिक दान मिला। कांग्रेस को कॉर्पोरेट योगदान कम हो गया है जबकि भाजपा को उसका योगदान बढ़ गया है।

हालिया रिपोर्टों के अनुसार, कांग्रेस धन की कमी के कारण अपने चुनाव अभियानों को वित्तपोषित करने के लिए क्राउडफंडिंग पर विचार कर रही है। इसे भजपा के राजनीतिक युद्ध कोष से मुकाबला करने के लिए विशाल धन की आवश्यकता है।

पिछले 20 सालों में भाजपा का लोकसभा चुनाव पर खर्च छह गुना बढ़ गया है, जो पिछले लोकसभा चुनाव में 9 हजार करोड़ रुपये से बढ़कर 55 हजार करोड़ रुपये हो गया है। खर्च का एक तिहाई हिस्सा प्रचार के लिए आबंटित किया जाता है। इसके विपरीत, दूसरा सबसे बड़ा खर्च मतदाताओं को सीधा भुगतान है। मतदाताओं को रिश्वत देने के कई तरीके हैं। फंड और आरएसएस समर्थित संगठन दोनों के मामले में भाजपा को कांग्रेस के मुकाबले बड़ा फायदा है।

सीधे शब्दों में कहें तो भाजपा को दक्षिण के लिए नये सिरे से रणनीति विकसित करने की जरूरत है, जबकि कांग्रेस को उत्तर पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। जहां तक क्षेत्रीय दलों की बात है तो उनकी प्राथमिकता अपने वफादार मतदाता आधार को बनाये रखने की होनी चाहिए। इसके अलावा, मतदाताओं को जीतने के लिए केवल मुफ्त उपहार देना हमेशा पर्याप्त नहीं होता है। उनका विश्वास और समर्थन अर्जित करने के लिए और अधिक प्रयास करना आवश्यक है। भारत की लोकतांत्रिक यात्रा एक बड़ी उपलब्धि है जिसकी शायद ही कोई मिसाल हो। अपनी खामियों के बावजूद लोकतंत्र बचा हुआ है और सत्ता का हस्तांतरण 17 बार हो चुका है। आखिरकार, यह अरबों मतदाता ही हैं जो 2024 के लोकसभा चुनाव के बाद केंद्र में सरकार का स्वरूप तय करेंगे।

## पावन प्रसंग

### सांस्कृतिक एकता के सूत्र

भारत विश्व की सभी प्राचीन सभ्यताओं में से एकमात्र जीवित एवं विकसित सभ्यता है। भारत विश्व का एकमात्र जीवित प्रागैतिहासिक राष्ट्र है। अतीत से भविष्य तक इतने लंबे अंतराल में इतने विराट स्वरूप को भारत ने संरक्षित एवं सुरक्षित रखा है। यह पश्चिमी विचारकों के लिए आश्चर्य और शोध का विषय है। भारत की एकता का मुख्य आधार आर्थिक, राजनीतिक, प्रशासनिक कारणों में निहित नहीं है। इन आधारों पर गठित बड़े-बड़े राष्ट्रों का जीवन बहुत लंबा नहीं होता। इसके कई उदाहरण हैं। इतिहास में अरब क्षेत्र में तुर्की और मेसोपोटामिया के साम्राज्य, उत्तरी अफ्रीका में मिस्र का साम्राज्य, यूरोप में रोमन साम्राज्य आज उसी क्षेत्र में अनेक राष्ट्रों में विभाजित हैं।

पिछली शताब्दी में ही चेकोस्लोवाकिया और सोवियत संघ का विघटन इसका प्रमुख उदाहरण है। भारत में एकता का सूत्र यहां की संस्कृति, धर्म और सांस्कृतिक मनोविज्ञान में इतने सुव्यवस्थित ढंग से बसा हुआ है कि सामान्य तौर पर वह नजर ही नहीं आता। भारतीय संस्कृति में एकता का सूत्र अत्यन्त गहरा है। इसी कारण यह आज भी जीवंत एवं विकासशील है। इस संदर्भ में हरबर्ट रिसले का कहना है कि भारत में भौगोलिक, सामाजिक, भाषा, रीति-रिवाज, धर्म की भिन्नता होने पर भी कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक यह एकता के सूत्र में बंधा है। यह एकता है सांस्कृतिक एकता, जिसने भारत की विविधता को अपने में समेटकर अभिन्न एवं वृहद रूप प्रदान किया है- यह एक अद्‌भुत घटना है। भारतीय संस्कृति की यह एक अद्‌भुत विशेषता है कि हम यहां के धर्म और संस्कृति के किसी भी प्रतीक पर आस्था रखें तो संपूर्ण भारतवर्ष से स्वत: जुड़ जाएंगे। इसे कुछ इस तरह से समझा जा सकता है। जैसे यदि कोई भारतीय कहे कि वह वैष्णव है, उसकी आस्था भगवान राम में है तो उत्तर में अयोध्या से लेकर चित्रकूट होते हुए धुर दक्षिण में रामेश्वर तक सभी स्थानों से उस व्यक्ति की आस्था स्वयं जुड़ जाएगी। यदि कोई व्यक्ति कहे कि उसकी आस्था भगवान श्रीकृष्ण में है तो उत्तर में उनकी जन्मभूमि मथुरा, पूर्व में जगन्नाथपुरी पश्चिम में द्वारका और दक्षिण में तिरुपति बालाजी तक देश के सभी स्थानों से उसकी आस्था स्वत: जुड़ जाएगी।

एकता का यह सूत्र केवल विचारों में ही सीमित नहीं था। इसका क्रियात्मक स्वरूप भी अनादिकाल से दिख रहा है। देश के चार स्थानों-नासिक, उज्जैन, प्रयाग और हरिद्वार में हर तीन वर्ष के बादं कुंभ मेला होता है और देश के समस्त साधु-संत अखाड़े लगाकर यात्रा करते हैं। आदि शंकराचार्य ने चार स्थानों पर चार मठ बनाए और वहां के शंकराचार्य बनने के लिए यह बाध्यता बनाई कि उसी क्षेत्र का व्यक्ति शंकराचार्य नहीं बनेगा। आज भी नेपाल में पशुपतिनाथ का मुख्य पुजारी शताब्दियों बाद भी कर्नाटक का ही पुजारी बनता आ रहा है अर्थात राजनीतिक पृथकता भी एकता को सांस्कृतिक सूत्र से जोड़े रखती है।

भारत की एकता के सूत्र सांस्कृतिक आस्था और धार्मिक कर्मकांड से लेकर घर के स्नानागार तक इतने सूक्ष्म तरीके से बने हुए हैं कि शताब्दियों के विदेशी शासन के बाद भी भारत अपनी राजनीतिक एकता को अक्षुण्ण रखकर विराट स्वरूप के साथ अडिग एवं अचल है। इसी कारण हम 21वीं सदी में विश्व का मार्गदर्शन करने के लिए तैयार हैं। जबकि विश्व की अन्य महानतम शक्तियां अपनी किसी भी किस्म की एकता को नहीं बचा पाई इसीलिए भारत एक चिरंतन राष्ट्र है। भारतीय संस्कृति एकता का मूलमंत्र हमारी भावनाओं में गहराई से रचा-बसा है। वैचारिक रूप से मतभिन्नता संभव है और होनी भी चाहिए, परंतु सांस्कृतिक स्वर हमारी रगों में बहता है, कण-कण में रमता है और व्यवहार में दृष्टिगोचर होता है। भारत की युवा पीढ़ी इस सत्य और तथ्य से सुपरिचित है। बस, उसे दृढ़संकल्प के साथ क्रियान्वयन करने की आवश्यकता है। इसी आधार पर हम कह सकते हैं, हम विश्व का सक्षम एवं समर्थ रूप से नेतृत्व कर सकते हैं।

अखंड ज्योति

## आपके पत्र

### नशे से बचाना होगा उत्तराखंड के ग्रामीण युवाओं को

दुनिया भर में अनैतिक और गैर क़ानूनी तरीके से होने वाले व्यापार में ड्रग्स और नशे का कारोबार प्रमुख है। प्रति वर्ष इसका खरबों डॉलर का दुनिया भर में व्यापार किया जाता है। देश और दुनिया का कोई ऐसा इलाका या गली मोहल्ला नहीं है जहां इसने लोगों को अपनी गिरफ्त में नहीं ले रखा है। बूढ़े से लेकर छोटे बच्चे तक किसी न किसी प्रकार से नशे का शिकार नज़र आते हैं। युवा पीढ़ी सबसे अधिक इस बुराई के दलदल में फंसी नज़र आती है। नशे का यह कारोबार अब देश के दूरदराज़ ग्रामीण इलाकों में भी अपने पैर पसार चुका है और नई नस्ल को अपनी गिरफ्त में लेता जा रहा है। शहरी इलाकों में जहां महंगे ड्रग्स बिकते हैं तो वहीं ग्रामीण स्तर पर भी इस प्रकार के नशीले उत्पाद पहुंच चुके हैं। इससे न केवल युवा बर्बाद हो रहे हैं बल्कि इससे गांव का सामाजिक ताना बाना भी बिखरता जा रहा है।

देश के अन्य राज्यों की तरह पहाड़ी राज्य उत्तराखंड के युवा भी इस बुराई से बच नहीं सके हैं। राज्य में प्रति वर्ष करोड़ों रूपए के नशीले पदार्थ पकड़े जाते हैं, इसके बावजूद धड़ल्ले से यह कारोबार चल रहा है। नशे की यह लत शहरों से निकल कर राज्य के दूरदराज़ बैसानी गांव तक पहुंच चुकी है। शिक्षा से दूरी युवाओं को नशे की ओर धकेल रही है। गांव के युवा अवैध रूप से नशे के सभी प्रकारों में लिप्त होते जा रहे हैं जो काफी चिंताजनक है। चरस, गांजा, स्मैक और इस प्रकार की अन्य नशीली चीज़ों का सेवन करते यहां के युवाओं को देखा जा सकता है। अब तो इनकी देखादेखी 10-12 साल के छोटे बच्चे भी इसका सेवन करने लगे हैं जो भविष्य के लिए शुभ संकेत नहीं है। यह लत यहां के युवाओं में इस कदर बढ़ चुकी है कि माता-पिता चाह कर भी अपने बच्चों को इससे बचा नहीं पा रहे हैं। हालांकि गांव के कुछ युवा अभी भी ऐसे हैं जो इस बुराई से दूर हैं। युवा न केवल अपना भविष्य बल्कि अपना स्वास्थ्य भी खराब कर रहे हैं। प्रशासन को इस ओर गंभीरता से ध्यान देने की ज़रूरत है। 10वीं और 11वीं में पढ़ने वाले कई ऐसे बच्चे हैं जो घर से स्कूल जाने के लिए निकलते तो हैं लेकिन वह स्कूल न जाकर नशा करने वाले लोगों के पास बैठ जाते हैं और ड्रग्स लेते हैं। ऐसे में सवाल उठता है कि आखिर इनके पास इसे खरीदने के लिए पैसे कहां से आते हैं? वहीं गांव के एक 60 वर्षीय बुज़ुर्ग कहते हैं कि गांव में लोग पहले भी मदिरापान का सेवन किया करते थे, लेकिन तब इसे केवल त्यौहारों और उत्सवों में प्रयोग किया जाता था। अन्य दिनों में गांव के लोग इस बुराई से दूर रहा करते थे। लेकिन आज यह युवाओं की नस-नस में समा चुका है। अब इसे उत्सवों में नहीं बल्कि भोजन की तरह प्रतिदिन इस्तेमाल किया जाने लगा है। यह पुराने दिनों की तरह देसी मदिरा नहीं बल्कि जीवन बर्बाद कर देने वाला नशा है। चरस और गांजा जैसी नशीली दवाएं युवाओं को असमय मौत की तरफ धकेल रही है।

इस संबंध में सामाजिक कार्यकर्ता कला कोरंगा कहती हैं कि उत्तराखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में बीड़ी-सिगरेट पीना आम बात है। बच्चे अपने आसपास और अपने घर के बड़े बुज़ुर्गों को यह पीते देख कर उनसे सीखते हैं जो आगे चलकर उन्हें नशा के अन्य स्रोतों का आदी बना देता है। वह कहती हैं कि बागेश्वर जिला अंतर्गत कई गांवों में भांग की खेती की जाती है जो नौजवानों को इसे उपलब्ध कराने का सबसे आसान माध्यम होता है। उनके अनुसार युवाओं को इससे बचाने के लिए सभी स्तरों पर काम करने की ज़रूरत है। एक ओर जहां प्रशासन को सख्त कदम उठाने होंगे वहीं सामाजिक रूप से सबसे बड़ी ज़िम्मेदारी बनती है कि युवाओं को इस बुराई के खिलाफ जागृत किया जाए ताकि वह इससे दूर हो सकें।

**श्रुति जोशी, बैसानी उत्तराखंड**

# बेतवा- पार्वती अंचल

## सार-समाचार

### जनसुनवाई में नागरिकों की समस्याओं का हुआ निराकरण

**रायसेन,देशबन्धु।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर श्री अरविंद दुबे द्वारा नागरिकों की समस्याओं, शिकायतों पर सुनवाई करते हुए उनका निराकरण किया गया। उन्होंने कुछ प्रकरणों में संबंधित अधिकारियों को शीघ्र आवश्यक कार्यवाही कर निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई में अपर कलेक्टर श्री अभिषेक दुबे सहित अनेक विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### ठंड से राहत देने बांटे गर्म कपड़े



**सांची, देशबन्धु।** इन दिनों नगर में ठंड में बढ़ोतरी हुई है। इससे लोग गर्म कपड़ों का भी उपयोग कर रहे हैं। इस ठंड से राहत देने नगर के वरिष्ठ समाजसेवी रतनलाल जायसवाल ने अपने निवास पर गरीब लोगों को ठंड से बचाव हेतु गर्म कपड़ों का वितरण किया। साथ ही सुबह सुबह ठंड में समाचार पत्रों का वितरण करने वालों को भी गर्म कपड़े वितरित किए गए।

### नितिन बने कल्चुरी समाज के अध्यक्ष

**सांची, देशबन्धु।** कल्चुरी समाज ने नितिन वर्मा को समाज का अध्यक्ष चुना। अध्यक्ष चुने जाने पर समाज के लोगों ने वर्मा को बधाई दी। बधाई देने वालों में प्रमुख रूप से कल्चुरी कल्हार समाज की ब्लाक अध्यक्ष रेखा प्रदीप जायसवाल, फौजी भैया लाल, गोपीलाल, मनोहर लाल, रतनलाल जायसवाल, कन्हैया लाल, बब्ली रानी, ओमप्रकाश, विजय चौकसे, जुगल किशोर राय, धनराज राय सहित अनेक लोग शामिल हैं।

### शासकीय विद्यालय के विद्यार्थियों को चिकित्सा शिक्षा में 5 फीसदी आरक्षण

**रायसेन,देशबन्धु।** शासकीय विद्यालय के विद्यार्थी को सभी शासकीय एवं निजी महाविद्यालय में एमबीबीएस एवं बीडीएस के लिये स्वीकृत कुल सीट्स में से 5 प्रतिशत सीट्स आरक्षित की गई हैं। महिला अभ्यर्थी को सभी महाविद्यालयों में सभी पाठ्यक्रम में 30 प्रतिशत आरक्षण, दिव्यांग अभ्यर्थी को सभी महाविद्यालयों में सभी पाठ्यक्रम में 5 प्रतिशत तथा स्वतंत्रता संग्राम सेनानी अभ्यर्थी और सैनिक अभ्यर्थी को केवल शासकीय महाविद्यालय में एमबीबीएस एवं बीडीएस के लिये कुल सीट्स का 3-3 प्रतिशत निर्धारित किया गया है। महिला, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, सैनिक, दिव्यांग, अनिवासी भारतीय प्रवर्ग एवं शासकीय विद्यालय के विद्यार्थी शामिल हैं। इसी प्रकार जोड़े गये उप-नियम अनुसार शासकीय विद्यालय से अभिप्रेत है कि मध्यप्रदेश शासन द्वारा संचालित शासकीय विद्यालय के विद्यार्थियों में ऐसे विद्यार्थी, जिन्होंने शासकीय विद्यालय में कक्षा-6 से 12 वीं तक नियमित अध्ययन कर परीक्षा उत्तीर्ण की हो।


नपा अमले के साथ मौके पर पहुंचे एसडीएम

# बेतवा के पानी से कर रहे थे सिंचाई, मोटरें जब्त कर की कार्रवाई



**गंज बासौदा, देशबन्धु।** नगर की जीवन दायिनी बेतवा नदी पर बने वाटर वर्क्स के पीछे की ओर खेतों में सिंचाई के लिए 10 से 15 हॉर्स पावर की मोटरें लगी होने की शिकायत मिलने पर एसडीम विजय राय नगर पालिका अमले के साथ बेतवा नदी घाट पर पहुंचे। जहां उन्हें नदी से पाइपलाइन डालकर सीधे मोटरों द्वारा खेतों में सिंचाई करते मिली। इन मोटरों को जप्त करने की कार्रवाई की गई। उल्लेखनीय की अल्प वर्षा के कारण बेतवा नदी के जल स्तर में लगातार कमी आ रही है। स्टाप डेम के बावजूद भी नदी का जल स्तर लगातार घटता जा रहा है, जिसका प्रमुख कारण किसानों द्वारा नदियों से बड़ी-बड़ी मोटरों के माध्यम से सिंचाई करना सामने आए जाने पर यह कार्रवाई की गई है।

# सीएम राइज विद्यालय में हुई शिक्षा विभाग की खेल प्रतियोगिता



**सिरोंज, देशबन्धु।** सीएम राइज विद्यालय सिरोंज में विकासखंड स्तरीय विभागीय अधिकारी /कर्मचारी शिक्षा विभाग की खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें वॉलीबॉल (इनडायरेक्ट) एवं एथलेटिक्स मैं100 मीटर रेस, लम्बी कूद, गोला फेंक, भाला फेंक प्रतियोगिताएं महिला एवं पुरुष वर्ग और लेदर बॉल क्रिकेट पुरुष वर्ग में आयोजित की गई जिसमें पुरुष वर्ग गोला फेंक सचिन यादव प्रथम एवं बसंत कुमार राय द्वितीय भाला फेंक में रामदयाल मीणा प्रथम एवं अजब सिंह चादर द्वितीय लंबी कूद में सचिन यादव प्रथम एवं देवेंद्र जाट द्वितीय 100 मीटर दौड़ में विनोद शर्मा प्रथम एवं सचिन यादव द्वितीय रहे महिला वर्ग में में गोला फेंक में रश्मि श्रीवास्तव प्रथम एवं समिति तारा लोधी द्वितीय भाला फेंक में रफान प्रथम एवं वैशाली रघुवंशी द्वितीय लंबी कूद में सुजाता खांडेकर प्रथम एवं ममता द्वितीय 100 मीटर दौड़ में तारा लोधी प्रथम एवं अंजलि माथुर द्वितीय रही। चयनित अधिकारी /कर्मचारी जिला स्तरीय प्रतियोगिता में सम्मिलित होंगे। सी एम राइज विद्यालय के प्रचार्य महेश कुमार ताम्रकार ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। जिला स्तर के लिए चयनित खिलाड़ियों को विकासखंड शिक्षा अधिकारी उमेश कुमार सोनी, उत्तम चंद जाटव खेल शिक्षक शान मियां, जमशेद ख़ान केशव प्रगति केवट ने बधाई दी।

# अजाजजा विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति के लिए आय सीमा 8 लाख

**रायसेन,देशबन्धु।** अनुसूचित जाति कल्याण विभाग द्वारा अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति के लिए आय सीमा 6 लाख से बढ़ा कर 8 लाख रूपये किये जाने और अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों को विदेश अध्ययन छात्रवृति मानविकी विषयों के लिए भी दिए जाने का प्रावधान किया गया है। अशासकीय संस्थाओं में अध्ययनरत अनुसूचित जनजाति वर्ग के विदयार्थियों की पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति की वार्षिक आय सीमा 8 लाख रूपये किये जाने की सहमति प्रदान की गई। जनजातीय कार्य विभाग द्वारा शासकीय वित्त पोषित शैक्षणिक संस्थाओं में अध्ययनरत अनुसूचित जनजाति के विद्यार्थियों के लिए आय सीमा का बंधन समाप्त किया गया है। आय सीमा में वृद्धि से अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों को शिक्षा प्राप्त करने के व्यापक अवसर प्राप्त हो सकेंगे।

# राष्ट्रीय राजमार्ग पर नहीं लग रही वाहनों की रफ्तार पर लगाम



**सांची, देशबन्धु।** इस स्थल से राष्ट्रीय राजमार्ग निकला है। इस मार्ग के दोनों ओर आने जाने के लिए छोटे वाहन सुरक्षित आवाजाही कर सके। इसके लिए सर्विस रोड निर्मित किए गए हैं जिससे दुर्घटना को भी रोका जा सके। राष्ट्रीय राजमार्ग के दोनों ओर लोहे की रैलिंग लगाई गई है। राजमार्ग से कम दूरी और अधिक दूरी के छोटे बड़े वाहनों के साथ साथ भारी वाहनों की हजारों की संख्या में आवाजाही लगी रहती है। वाहनों की अंधी रफ्तार से दुर्घटना की आशंकाएं बनी रहती है तथा अनेक बार दुर्घटना घट भी जाती है। इस मार्ग पर राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग ने न तो कहीं कोई गतिअवरोधक ही बना सके तथा न ही कहीं कोई वाहनों की रफ्तार नियंत्रित करने संकेत बोर्ड अथवा रेडियम के ही कोई चिन्ह ही अंकित किए गए। सबसे अधिक परेशानी तो नगर में चलने वाले सरकारी निजी स्कूलों के छात्रों को उठाना पड़ती है जब काफी देर वाहनों के रुकने का इंतजार करना पड़ता है। सबसे ज्यादा व्यस्ततम चौराहा स्तूप चौराहा, गुलगांव चौराहा रहते हैं इन चौराहे पर अनेक बार दुर्घटना घट चुकी है बावजूद इसके राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग को सुध लेने की फुर्सत नहीं मिल सकी है। इतना ही नहीं मुख्य चौराहे से जनता की आवाजाही तो होती ही है साथ ही बड़ी संख्या में देशी विदेशी पर्यटकों को भी राष्ट्रीय राजमार्ग पार करने में भारी मशक्कत करनी पड़ती है यहां तक कि पर्यटक स्वयं अपने ही हाथों के संकेत से सड़क पार करते दिखाई दे जाते हैं परन्तु वाहनों की तेज़ गति नियंत्रित नहीं हो पा रही है।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम स्थलों पर लगाए जाए स्वास्थ्य शिविर: कलेक्टर



**रायसेन,देशबन्धु।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत जिले के समस्त नगरीय निकायों के वार्डो तथा ग्राम पंचायतों में यात्राओं तथा शिविरों का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर अरविंद दुबे ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक में वीडियो कॉफ्रेंस के माध्यम से विकसित भारत संकल्प यात्रा के आयोजन हेतु की जा रही तैयारियों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर दुबे ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत जिले में आठ आईईसी वेन नगरीय निकायों तथा ग्राम पंचायतों में पहुंचकर केन्द्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार करेगीं। आईईसी वेन में उपलब्ध ऑडियो विजुअल एड, ब्रोशर, पम्पलेट, बुकलेट इत्यादि से सूचनाओं और जानकारियों को आमजन तक पहुंचाया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों से जनपदवार बनाए गए रूट चार्ट की जानकारी लेते हुए कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा में अधिक से अधिक नागरिकों की भागीदारी हो और जरूरतमंदों तक योजनाओं का लाभ पहुंचे, यह सुनिश्चित किया जाए। कलेक्टर दुबे ने निर्देश दिए कि विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम स्थलों पर स्वास्थ्य विभाग तथा आयुष विभाग द्वारा स्वास्थ्य शिविर आयोजन हेतु सभी व्यवस्थाएं की जाएं। साथ ही कार्यक्रम स्थलों पर महिला बाल विकास विभाग, बैंक, स्व-सहायता समूहों, कृषि, उद्यानिकी, जल जीवन मिशन आदि के स्टॉल लगाकर योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। इसके लिए भी सभी तैयारियां पूर्ण कर ली जाएं। कार्यक्रम स्थलों पर तकनीकी सत्र भी आयोजित होंगे जिनमें कृषि कार्यो में ड्रोन के उपयोग का प्रदर्शन, मिट्टी परीक्षण, प्राकृतिक और उन्नत खेती की जानकारी दी जाएगी। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला पंचायत सीईओ अंजू पवन भदौरिया, अपर कलेक्टर अभिषेक दुबे सहित जिला अधिकारी उपस्थित रहे। वीडियो कॉफ्रेंस के माध्यम से अनुभागों से एसडीएम, जनपद सीईओ, सीएमओ सहित संबंधित अधिकारी भी शामिल हुए।

# युवक की हत्या, पुलिस नहीं कर रही कार्रवाई, एसपी से मिले परिजन



**मुरैना, देशबन्धु।** जिले के चिन्नोंनी थाना अंतर्गत आसलपुर नहर पर एक आरोपी ने युवक को धक्का देकर पानी में पटक दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। 2 दिन बाद युवक की लाश मिली। परिजनों द्वारा थाना पहुंचकर कार्रवाई की मांग की गई, लेकिन पुलिस द्वारा कोई सुनवाई नहीं की गई। आरोपी खुलेआम परिजनों को धमका रहा है, जिससे परेशान परिजन मंगलवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे और कार्रवाई की मांग की।

बताया जाता है कि आरोपी बृजमोहन उर्फ बंटू पुत्र हरपाल जाटव निवासी गुरैमा 12 नवंबर की सुबह 7 बजे घर आया और योगेंद्र उर्फ कुंडा पुत्र कुरेरी जाटव को अपने साथ झुण्डपुरा लेकर निकल गया। दोपहर 12 बजे परिजनों को वीर सिंह जाटव ने सूचना दी कि योगेंद्र को किसी ने आसलपुर नहर की पुलिया पर धक्का देकर नहर में धकेल दिया है। उक्त सूचना पर परिजन थाने पहुंचे और गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। इसके बाद पुलिस एवं आरडीएफ की टीम ने रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया तथा 14 नवंबर की सुबह योगेंद्र की डेड बॉडी नहर से बरामद हुई। घटना के बाद जब योगेंद्र के परिजनों ने बृजमोहन से कहा कि तुम साथ लेकर गए थे, तो उसकी हत्या तुमने की है, जिस पर उसने परिजनों को रिपोर्ट दर्ज नहीं करने की धमकी दी। पीड़ित परिजनों ने आरोप लगाया है कि थाने में उनकी कोई सुनवाई नहीं हो रही और आरोपी उन्हें हत्या की धमकी देता फिर रहा है। पीड़ित परिवार ने पुलिस अधीक्षक से आरोपी बृजमोहन के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।

# पत्नी ने प्रेमी के साथ मिलकर की भूरा की हत्या

अंधे कत्ल का पुलिस ने किया खुलासा, प्रेमी-प्रेमिका गिरफ्तार, अन्य आरोपी फरार



**मुरैना, देशबन्धु।** नूराबाद थाना क्षेत्र के लोहगढ़ स्थित एक खेत से एक वर्ष पूर्व पुलिस ने भूरा गुर्जर नामक युवक का शव बरामद किया था और पहले मर्ग कायम किया गया और बाद में जांच पश्चात हत्या का मामला दर्ज किया गया। सोमवार को पुलिस ने अंधे कत्ल में शामिल मृतक की पत्नी एवं उसके प्रेमी को गिरफ्तार कर लिया तथा शेष आरोपी अभी फरार बताए गए हैं।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविन्द ठाकुर ने मंगलवार को बताया कि 29- 30 अप्रैल 2022 को नूराबाद थाना क्षेत्र के ग्राम लोहागढ़ के. एस. मिल वालों के खेत स्थित हनुमान मंदिर के पास से भूरा गुर्जर की रक्त रंजित लाश बरामद हुई थी, जिस पर से पुलिस ने प्रारंभिक जांच पड़ताल के बाद मर्ग कायम किया। मामले की जांच एसडीओपी बामौर श्रीमती दीपाली चंदौरिया को दी गई और उनके मार्गदर्शन में निरीक्षक रामबाबू यादव नूराबाद द्वारा मामले की जांच पश्चात अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध हत्या का मामला दर्ज किया गया और मामले की गुत्थी सुलझाने में टीम जुट गई। पुलिस टीम ने अपने मुखबिर तंत्र को सक्रिय करते हुए हत्याकांड में शामिल आरोपी कृपाराम कुशवाह को गिरफ्तार कर उससे पूछताछ की तो उसने पूरा सच उगल दिया। आरोपी कृपाराम ने पुलिस को बताया कि भूरा गुर्जर की पत्नी ऊषा उर्फ भूरी गुर्जर से उसका प्रेम प्रसंग चल रहा था और उनके प्यार में उसका पति बाधक बन रहा था, जिसके चलते 29-30 अप्रैल 2022 को कृपाराम, ऊषा एवं कुछ अन्य लोगों ने मिलकर कुल्हाड़ी मारकर उसकी हत्या कर दी थी तथा लाश को चादर में लपेटकर लोहागढ़ के पास खेत में फेंक दिया। पुलिस ने मृतक भूरा की पत्नी ऊषा एवं मुख्य आरोपी कृपाराम को गिरफ्तार कर लिया है तथा अन्य आरोपियों की तलाश कर रही है।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

**मुझे संतोष है कि भारी....** आए और 2013 में फिर भारतीय जनता पार्टी की सरकार भारी बहुमत से बनी। 2018 में वोट हमें ज्यादा मिले लेकिन सीटों के गणित में हम पिछड़ गए थे, मगर बाद में फिर हमने सरकार बनाई। और आज जब मैं यहां से विदाई ले रहा हूं तो मुझे इस बात का संतोष है कि 2023 में फिर भारी बहुमत से सरकार बनी है। मेरा मन आनंद और संतोष से भरा हुआ है। उन्होंने कहा कि लाखों कार्यकर्ताओं के परिश्रम से, प्रधानमंत्री के आशीर्वाद और उनकी लोकप्रियता के कारण और केंद्र और राज्य की कल्याणकारी योजनाओं के कारण, जिसमें लाड़ली बहना का योगदान जबरदस्त है, जिसे 48.55 प्रतिशत वोट मिले अब तक के सबसे ज्यादा वो सरकार बनाकर मैं जाऊंगा।

उन्होने कहा कि हमें एक पिछड़ा और बीमारू राज्य मिला था, लंबे समय हमने विकास और प्रगति का तय किया। इन वर्षों में मैंने..मुझमें जितनी क्षमता थी, जितना सामर्थ्य था, पूरा झोंककर अपने प्रदेश के लिए और जनता के कल्याण के लिए काम करने की कोशिश की। उन्होंने कहा कि मैं दो चीजों का उल्लेख और करूंगा। एक, महिला सशक्तिकरण मेरे लिए वोट प्राप्ति का जरिया नहीं है। वो मेरी अंतरआत्मा से निकला है क्योंकि बचपन से ही मैंने गांव में बेटियों की और बहनों की दुर्दशा देखी थी। इसीलिए बेटियों महिलाओं के लिए योजनाएं बनाई गई। ये योजनाएं बनाकर हम बेटियों और बहनों की जिंदगी में खुशी और परिवर्तन ला पाए। दूसरा, खेती के क्षेत्र में सिंचाई ने चमत्कार तो किया ही है, किसानों के लिए भी हम काफी काम कर पाए। गरीबों के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाई बनाई गई। कोविड में जब मजदूर पैदल आ रहे थे तो मेरी अंतरात्मा ने कहा कि मध्य प्रदेश की धरती पर कोई मजदूर पैदल नहीं चलना चाहिए और हमने किसी को पैदल नहीं चलने दिया। कई ऐसे काम हैं जो हम कर पाए। आज एक संतोष के साथ, एक अच्छी सरकार और अच्छा नेतृत्व पार्टी ने तय किया है..उनको सौंपकर हम आगे का सफर प्रारंभ करेंगे।

**मामा-भाई का रिश्ता टूटने....** को जब तक मेरी सांस चलेगी तब तक मैं टूटने नही दूंगा। उन्होंने सबको धन्यवाद देते हुए कहा कि यदि मैंने काम से कोई तकलीफ पहुंची हो तो क्षमा करें।

**अपने लिए कुछ मांगने से....** लड़ेंगे, इसे लेकर उन्होने कहा कि ये एक काल्पनिक सवाल है। मैंने पहले भी कहा है कि हम भाजपा कार्यकर्ता एक बड़े मिशन के लिए काम करते हैं और मिशन तय करता है हम कहां रहेंगे। ये बड़ी घटिया सोच है 'मैं कहां रहूंगा' अब ऐसा आदमी कुछ नहीं कर सकता सिवा ये रोने-गाने के। मैं कहता हूं एक साधारण कार्यकर्ता को 18 साथ भाजपा ने मुख्यमंत्री बनाकर रखा। मुझे भारतीय जनता पार्टी ने सबकुछ दिया..अब मुझे भारतीय जनता पार्टी को देने का वक्त आया है।

**पार्टी जो काम देगी, वो....** सबकी थी लेकिन मेरी सबसे ज्यादा थी मुख्यमंत्री के नाते। मुझे लगता था कोई कसर नहीं रह जाए, 2018 की कसक मन में रह गई थी इसलिए मैंने प्राणपण से काम किया।

**मेल मुलाकातों में गुजरा....** पूर्व राज्यसभा सांसद प्रभात झा से भी उनके निवास पर पहुंचकर सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर उपस्थित नवनियुक्त विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर, उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने भी नवनियुक्त मुख्यमंत्री डॉ. यादव को बधाई दी। नवनियुक्त मुख्यमंत्री डॉ. यादव से नव निर्वाचित विधानसभा सदस्य एंदल सिंह कंसाना और उमाकांत शर्मा ने सौजन्य भेंटकर स्वागत किया।

**मुद्दों से ध्यान भटकाने के....** मोदी भी ओबीसी वर्ग से हैं, लेकिन केंद्र सरकार को 90 लोग चला रहे हैं और उनमें से केवल तीन लोग ओबीसी वर्ग से हैं। राहुल गांधी ने कहा, मेरा सवाल संस्थागत व्यवस्था में ओबीसी, दलितों और आदिवासियों की भागीदारी के बारे में है। वे हमें इस मुद्दे से भटकाने के लिए जवाहरलाल नेहरू और अन्य के बारे में बात करते हैं।

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने गृहमंत्री अमित शाह पर निशाना साधते हुए कहा कि उन्हें इतिहास की जानकारी नहीं है और पंडित जवाहर लाल नेहरू ने देश के लिए क्या किया इस बारे में वह पूरी तरह से अनभिज्ञ है। श्री गांधी ने पंडित नेहरू ने भारत के लिए अपनी जान दे दी, वह वर्षों तक जेल में रहे। अमित शाह इतिहास से अनभिज्ञ हैं। मैं उनसे इतिहास जानने की उम्मीद नहीं कर सकता।

**राज्यसभा में आया चुनाव आयुक्तों....** कुचलना वाला कानून है। सुरजेवाला ने कहा कि जब प्रधानमंत्री और उनके द्वारा बनाए गए मंत्री ही मुख्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति करेंगे तो फिर इस नियुक्ति के लिए किसी कमेटी के गठन की कोई आवश्यकता ही नहीं रह जाती। केंद्र सरकार का मंत्री सदैव प्रधानमंत्री की इच्छा अनुसार चुनाव आयुक्त के चयन में अपनी भूमिका निभाएगा इसलिए यह कानून निरर्थक है। इस बिल के क्लॉज 5 में यह प्रावधान कर दिया गया है कि मुख्य चुनाव आयुक्त व चुनाव आयुक्त एक विशेष श्रेणी को छोड़कर देश का कोई और नागरिक नहीं हो सकता।

**अमित शाह ने तीन नए....** मानसून सत्र के दौरान 11 अगस्त, 2023 को लोकसभा में पेश किए गए तीन विधेयकों, भारतीय न्याय संहिता विधेयक-2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता विधेयक-2023 और भारतीय साक्ष्य विधेयक 2023 को सदन से वापस ले लिया था।

# ताप्ती तीरे

## सार समाचार

### निजी कंपनी में सुरक्षा प्रहरी हृदय गति रुक जाने से युवक की मौत

**सारनी, देशबन्धु।** निजी कंपनी में सुरक्षा प्रहरी का काम करने वाले एक युवक की हृदय गति रुक जाने से मौत हो गई है। यह घटना सोमवार मंगलवार दरमियानी रात की बताई जा रही है। इस मामले में सारनी पुलिस ने मर्ग कायम करके विवेचना शुरू कर दी है। थाना प्रभारी अरविंद कुमरे ने बताया कि वार्ड क्रमांक एक मठारदेव वार्ड में निवास करने वाले प्रवीण पिता हरिशचंद्र पाटील की बीती रात को छतरपुर माइंस के समीप हृदय गति रुक जाने के कारण मौत हो गई। घटना की जानकारी लगते ही मौके का निरीक्षण करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हृदय गति होने की वजह से मौत होना बताया गया है। इस मामले में मर्ग कायम करके विवेचना की जा रही है।

### प्रजापति समाज ने तहसील कार्यालय पहुंचकर सौंपा ज्ञापन

**चिचोली, देशबन्धु।** प्रजापति समाज ने मंगलवार को तहसील कार्यालय पहुंचकर मिट्टी के बर्तन बनाने हेतू मिट्टी उपलब्ध कराने के लिए शासकीय भूमि आवंटन कराने के लिए राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री के नाम तहसील कार्यालय और नगर परिषद अध्यक्ष को ज्ञापन सौंपा। प्रजापति समाज समाज के अध्यक्ष भुरा प्रजापति, राकेश, विनोद ,आशिष,प्रदीप प्रजापति ने बताया कि प्रजापति समाज का जीवन मिट्टी के बर्तन बनाकर अपनी अपना भरण-पोषण करते है वह नदी के आसपास के मिट्टी लाकर बर्तन बना रहे हैं लेकिन अब आसपास के लोग मिट्टी ले जाने के लिए मना करते है और विवाद करते है जिससे कुम्हार समाज के लोग परेशान है। जिसको लेकर तहसीलदार, थाना प्रभारी ,नगर परिषद में आवेदन दिया है। सुनिल पप्पू, नितेश कल्लू प्रजापति ने बताया कि मध्य प्रदेश शासन द्वारा अन्य कुम्हार समाज के लोगों को शासन द्वारा भूमि आवंटन का जिक्र है परंतु अभी तक आवंटित नही की गयी है जिसको लेकर कुम्हार समाज के लोगो ने शीघ्र भूमि आवंटन करने की मांग की है। भूमि आवंटन न होने पर प्रदर्शन आन्दोलन की चेतावनी भी दी है। इस दौरान पूर्व नपा अध्यक्ष सुलोचना संतोष मालवीय, पूर्व उपाध्यक्ष मुकेश मालवीय, दुर्गेश,मनोज रूपेश, रिंकू, विशाल,बबलू,राजेश बाबा ,सावित्री बाई कुमरे दीपक, सुरेश, गोलू, चंदन,अर्जुन, संजू,बुद्धू ,राजकुमार, मोहित प्रजापति बड़ी संख्या में प्रजापति समाज के लोग उपस्थित रहे।

### रानीपुर पुलिस ने ग्रामीणों को दी यातायात से जुड़ी जानकारियां

**रानीपुर, देशबन्धु।** पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ चौधरी के नेतृत्व में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमला जोशी के मार्ग निर्देशन वह सारणी एसडीओपी रोशन जैन के निर्देश पर रानीपुर पुलिस सड़क सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत रानीपुर बस स्टैंड पर रानीपुर थाना प्रभारी अवधेश नारायण तिवारी एवं ए एस आई दीपक मालवीय व प्रधान आरक्षक तरुण पटेल पूनम तिवारी द्वारा यातायात सड़क सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत ग्रामीणों को हेलमेट की अनिवार्यता व सीट बेल्ट ड्राइविंग लाइसेंस से संबंधित जुड़ी जानकारियां उपलब्ध कराई। साथ ही स्कूल की बच्चों को भी सड़क किस प्रकार पार करना है सड़क के बीचो-बीच नहीं चलना चाहिए वह दोनों तरफ से आने-जाने वालों वाहनों को देखकर सड़क पार करना चाहिए वाहन दुर्घटना रोकने हेतु यातायात नियमों से ग्रामीणों को रूबरू कराया। वाहन चलाते समय शराब का सेवन कर वहां ना चलाएं वाहन चलाते समय मोबाइल से बात न करें खतरनाक ढंग से वहान न चलाएं ओवरलोडिंग वहां ना चलाएं बिना नंबर प्लेट के वहां ना चलाएं वाहनों में कांच पर काली फिल्म ना लगे वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का उपयोग करें अगस्त नाबालिक को वाहन चलाने हेतु ना देवे वहां के दस्तावेज सदैव अपने पास रखें बिना साइलेंसर व खराब साइलेंसर के वहां ना चलाएं बिना ड्राइविंग लाइसेंस एवं बिना बीमा के वहां ना चलाएं स्कूली वाहनों में सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों का पालन करें डंपर एवं ट्रैक्टर के पीछे रेडियम की लाल पट्टी लगवाई दो पहिया वाहन पर तीन सवारी न बैठाएं बिना हेलमेट पहने वहां ना चलाएं अपने दो पहिया एवं चार पहिया वाहन को व्यवस्थित तरीके से पार्किंग में खड़े करें आदि नियमों से ग्रामीणों को रानीपुर पुलिस ने अवगत कराया एवं महत्वता को समझाया।

### शराब बंदी को लेकर गांव में निकाली रैली, पुलिस चौकी प्रभारी को सौंपा ज्ञापन

# महिलाओं की चेतावनी: गांव में शराब बेची या पी तो 5 हजार का जुर्माना

**बैतूल, देशबन्धु।** गांव में शराब बेचने और पीने वालों से तंग आ चुकी स्वसहायता समूह की महिलाओं ने शराब बंदी को लेकर गांव में रैली निकाली और पुलिस चौकी प्रभारी को ज्ञापन सौंपा है। समूह की महिलाओं ने गांव में एक फरमान भी जारी किया है, जिसमें शराब बेचने और पीकर गांव में आने पर पांच हजार रुपए का जुर्माना लगाया जाएगा। इस फरमान को पुलिस ने भी सहयोग करने की सहमति दी है। महिलाओं का उद्देश्य गांव को शराब से मुक्त कराना है, जिसके लिए समूह ने नशामुक्ति अभियान चलाकर गांव में रैली भी निकाली और जागरूकता का संदेश दिया है।

जानकारी के अनुसार पुलिस चौकी पाढर के अंतर्गत आने वाले गांव उमरवानी के श्रीराम स्वसहायता समूह की महिलाओं ने नशा मुक्ति अभियान के तहत गांव में अवैध शराब बेचने वालों तथा शराब पीकर उत्पात मचाने वालों से तंग आकर पुलिस चौकी पाढर के चौकी प्रभारी को आवेदन देकर अवैध शराब बेचने वालों पर कार्रवाई करने की मांग की है। महिलाओं ने नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत ग्राम में भी रैली निकाल कर शराब का सेवन करना सेहत के लिए हानिकारक होने का संदेश भी दिया।



**युवाओं पर पड़ रहा बुरा असर, हो रहे नशे के आदि:** बांसपानी पंचायत के सरपंच एवं ग्राम उमरवानी के निवासी सोनू उईके ने बताया कि ग्राम में अवैध शराब की भरमार होने से युवाओं पर बुरा असर पड़ रहा है। कई ग्रामीण शराब के आदि होते जा रहे हैं जिससे उनका जीवन स्तर कमजोर हो रहा है। महिलाओं ने बताया कि यदि कोई व्यक्ति गांव में शराब बेचते पाया गया तो उस पर पांच हजार रूपए का जुर्माना लगाया जाएगा और यदि कोई शराब पीकर पाया गया तो उससे भी पांच हजार रूपये जुर्माना वसूला जाएगा। जुर्माना नहीं देने पर उन्हें पुलिस को सौंपा जाएगा। पाढर पुलिस ने भी महिलाओं को सहयोग देने का आश्वासन दिया है।

# मुलताई की बेटी प्रियंका को यूपीएससी सीएमएस में ऑल इंडिया 47वीं रैंक

**मुलताई, देशबन्धु।** नगर की बेटी प्रियंका ने यूपीएससी सीएमएस ऑल इंडिया में 47वीं रैंक हासिल कर मुलताई सहित पूरे बैतूल जिले का नाम रोशन किया है। 8 दिसंबर 2023 को जारी हुए यूपीएससी सीएमएस 2023 के रिजल्ट में नगर के इंदिरा गांधी वार्ड की रहने वाली साधारण से परिवार की प्रियंका पंजाबराव पवार ने ऑल इंडिया में 47वीं रैंक प्राप्त की है। चर्चा उसने बताया कि उन्होंने अपनी दसवीं की पढ़ाई मुलताई एक्सीलेंस स्कूल हिंदी मीडियम से 2014 में पूरी की थी, जहां पर उनका चयन सुपर हंड्रेड योजना के तहत इंदौर के गवर्नमेंट मल्टीपरपज हायर सेकेंडरी स्कूल में हुआ, जहां से उन्होंने अपनी 12वीं की पढ़ाई पूर्ण की। जिसके बाद नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल कॉलेज जबलपुर से एमबीबीएस किया, जहां अभी उनकी इंटर्नशिप चल रही है। इसी दौरान उन्होंने यूपीएससी सीएमएस की तैयारी भी की, वे बताती है कि नीट पीजी की तैयारी के साथ साथ पिछले 6-7 साल



केयूपीएससी सीएमएस के पेपरों से तैयारी की, जिससे उन्हें सफलता हासिल करने में सहायता मिली। वहीं उन्होंने बताया की इंटरव्यू के लिए यूट्यूब पर वीडियो देखकर तैयारी की थी। यह सब सेल्फ स्टडी से ही संभव हो पाया और इसके बाद यह सफलता हासिल हुई है। उन्होंने कहा कि इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ता कि आप हिंदी मीडियम से पढ़ कर आए हैं या इंग्लिश मीडियम से, आपकी मेहनत होनी चाहिए तो आप कोई भी सफलता हासिल कर सकते हैं। यूपीएससी सीएमएस में ऑल इंडिया 47वीं रैंक हासिल करने पर उनके परिजनों एवं ईस्ट मित्रों द्वारा उन्हें बधाइयां मिल रही है।

# जनसुनवाई में 62 प्रकरणों में एडीएम ने दिए जांच के निर्देश



**बैतूल, देशबन्धु।** जिला प्रशासन द्वारा प्रति मंगलवार जनसुनवाई के क्रम में मंगलवार को अपर कलेक्टर एवं अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी जयप्रकाश सैय्याम ने जन सुनवाई के प्रकरण सुनें। 62 आवेदकों ने अपनी समस्याओं एवं शिकायती आवेदन दिए। एडीएम के साथ एसडीएम श्री राजीव कहार ने आवेदन संबंधित एसडीएम एवं तहसीलदार को अग्रेषित किए। मुलताई के ग्राम सर्रा निवासी साजुराम पिता सुकाली द्वारा सहकारी बैंक से लिए ऋण के विरूद्ध पूर्ण भुगतान लिए जाने के बाद भी ऋण राशि की कटौती की शिकायत की गई। उन्होंने बताया खाद, बीज क्रय करने के लिए जब वे बचत खाते से राशि निकालने गए तो बताया गया कि किसान क्रेडिट खाते में ऋण बकाया है। जबकि उनके द्वारा पूर्ण भुगतान कर दिया गया था। उनके द्वारा मुख्यमंत्री फसल ऋण माफी योजना के घोषणा पत्र की प्रति भी संलग्र की गई। प्रकरण में जिला प्रसाशन द्वारा सहकारी समिति के प्रबंधक से चर्चा कर एक हफ्ते में निराकरण किये जाने के निर्देश दिए गए। एक अन्य प्रकरण में सापना निवासी कृषक सतीश खातरकर द्वारा डेढ़ वर्षीय पुत्र की पानी में डूबने से हुई असामयिक मृत्यु पर आर्थिक सहायता के लिए दिए गए आवेदन पर तहसीलदार ग्रामीण को जांच एवं परीक्षण कर के निर्देश दिए गए।

# नपा परिषद की बैठक में मठारदेव मेले की तैयारियों को लेकर कई निर्णय

**मेले में होंगे धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम, तैयारियां शुरू करने के निर्देश**

**सारनी, देशबन्धु।** नगर पालिका में मंगलवार को परिषद का विशेष सम्मेलन आयोजित किया गया। इसमें मुख्यत: मठारदेव बाबा मेले के आयोजन को लेकर विचार,विमर्श किया गया। बैठक में शहर के सात वार्डों में बीटी रोड रिन्यूवल मंजूरी दी गई। नगर पालिका सभाकक्ष में दोपहर एक बजे से नगर पालिका अध्यक्ष किशोर बरदे, उपाध्यक्ष जगदीश पवार, सांसद प्रतिनिधि रविंद्र पांसे,विधायक प्रतिनिधि रंजीत सिंह समस्त पार्षदगण एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी सी.के.मेश्राम की मौजूदगी में बैठक की कार्यवाही शुरू हुई। सम्मेलन में मुख्यत: 12 से 22 जनवरी तक लगने वाले श्री मठारदेव बाबा मेले की तैयारियों को लेकर चर्चा की गई। परिषद ने सभी आवश्यक तैयारियों को शुरू करने के निर्देश दिए ।सीएमओ श्री मेश्राम ने बताया कि गत वर्षों की तरह इस वर्ष भी मेले में नगर पालिका की ओर से समस्त सुविधाएं रहेंगी। अध्यक्ष किशोर बरदे ने कहा कि मेले की तैयारियों को लेकर निविदाएं एवं अन्य आवश्यक कार्य समय-सीमा



में पूरे कर लिए जाएं। मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी तरह की परेशानी ना हो इसका पूरा ध्यान रखा जाएं। उन्होंने परिषद के सभी सदस्यों से कहा कि सभी के सहयोग से मेले को इस वर्ष भी भव्य स्वरूप प्रदान किया जाएगा। हर वर्ष की तरह मेले में इस वर्ष भी धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। बैठक के दौरान पार्षदों ने मेले को लेकर कई सुझाव भी दिए। मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने कहा कि सुझावों के आधार पर बेहतर से बेहतर व्यवस्थाएं बनाई जाएंगी। परिषद के सम्मेलन में मेले के अलावा वार्ड 17 एवं 23 से वार्ड 28 तक बीटी रोड रिन्यूवल कोट की दरों को स्वीकृति प्रदान की गई। गार्ड की सेवाएं लेने के लिए प्राप्त न्यनतम दर की परिषद स्वीकृति पर आडिट आपत्ति आने के बाद इसके लिए नए सिरे से टेंडर प्रक्रिया की जाएगी। परिषद के सम्मेलन में सभी विभागों के अधिकारी,कर्मचारी उपस्थित थे। परिषद की यह बैठक बिना किसी विवाद के संपन्न हुई है।

# 9 कुंडीय गायत्री महायज्ञ को लेकर निकाली जल कलश यात्रा

**सारनी, देशबन्धु।** गायत्री परिवार ट्रस्ट एवं आदर्श गायत्री विद्यापीठ के माध्यम से 11 से 15 दिसंबर तक वार्षिक उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसे देखते हुए नव कुंडी गायत्री महायज्ञ के लिए मंगलवार को कलश जल यात्रा का आयोजन किया गया। जिसकी शुरुआत मंगलवार को जल कलश शोभा यात्रा के साथ हुई। यह शोभा यात्रा नगर के मुख्य मार्ग, सेंट्रल स्कूल, जय स्तंभ चौक,स्टेट बैंक रोड, साईं मंदिर,बाजार चौक,काली मंदिर,जी टाइप,सुपर एफ कॉलोनी,कल्याणेश्वर शिव मंदिर,बस स्टैंड, शॉपिंग सेंटर से होते हुए प्रज्ञा पीठ पहुंची कलश यात्रा का शुभारंभ मंगलवार को दोपहर 1बजे से लेकर 5~बजे तक आयोजित किया गया शाम 5 बजे से युग संगीत एवं प्रवचन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान नगर विभिन्न धार्मिक सामाजिक



संगठनों एवं श्रद्धालु जनों ने जगह-जगह शोभा यात्रा का पूजन व पुष्प वर्षा कर स्वागत किया।गायत्री परिवार ट्रस्ट सारनी के सदस्यों ने बताया कि 13 दिसंबर को प्रात: 8 बजे से देव आवाहन तथा पूजन के साथ नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ प्रारंभ हो जाएगा तथा 13 दिसंबर को ही दोपहर बाद 3 बजे से नारी जागरण एवं कन्या कौशल विषय पर व्याख्यान,संगीत प्रवचन होंगे एवं सायं 7:30 बजे से 10 बजे तक वर्तमान परिप्रेक्ष्य में युवा युवतियों के दायित्व विषय पर प्रबोधन कार्यक्रम रहेगा। समिति के पदाधिकारी ने बताया कि 14 दिसंबर को सुबह 8 बजे से 11तक नौ कुंडी गायत्री महायज्ञ एवं निशुल्क संस्कार का आयोजन किया जाएगा,दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक शालय सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इसी दिन शाम 5 बजे से लेकर रात 9:30 तक नवदम्पत्ति दंपति शिविर एवं दीप महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा। 15 दिसंबर को प्रात: 8 बजे से 1 तक महायज्ञ की पूर्ण आहुति निशुल्क संस्कार टोली विदाई 11 बजे से रक्तदान महायज्ञ एवं भंडारा प्रसादी का आयोजन किया जाएगा।

# कुरीतियों से बचाने सामूहिक प्रयास करेगा विश्नोई समाज

**हरदा, देशबन्धु।** विश्नोई समाज के पांच दिवसीय अगहन महोत्सव का मंगलवार को समापन हुआ। सुबह से मंदिर परिसर में हवन यज्ञ के बाद सभा शुरू की गई, जिसमें समाज के होनहार बच्चों, पदाधिकारियों और संतों ने विचार व्यक्त किए। इस बार समाज में नशा प्रवेश न करे इसके लिए भी समाज स्तर से विशेष प्रयास करने का निर्णय हुआ। विवाह विच्छेद, सगाई टूटने, मेढ़ विवाद, सहित तमाम ऐसे विवाद जो पुलिस या न्यायालय तक पहुंचते हैं उन्हें रोकने के लिए समाज स्तर पर समाज के पूर्व अध्यक्ष हीरालाल खोखर की अध्यक्षता में समिति गठित की गई। जिसने कई विवाद भी सुलझाए पर इस बार समिति को और अधिक शक्तियां दी गई हैं। इसके लिए समाज के युवाओं को भी आगे आने का आह्वान किया गया है। मप्र मध्यक्षेत्र विश्नोई सभा के सचिव पूनमचंद पंवार ने बताया कि उत्सव का शुभारंभ आठ दिसंबर को किया गया था। मंच पर पूर्व अध्यक्ष बद्रीप्रसाद कालीराणा, आरडी झूरिया, हीरालाल खोखर आदि कई लोग मौजूद रहे।

# निबंध प्रतियोगिता में विजेता विद्यार्थियों को शील्ड एवं प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित



**बैतूल, देशबन्धु।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा मंगलवार को वीवीएम महाविद्यालय में पीसीपीएनडीटी अधिनियम जागरूकता कार्यक्रम अंतर्गत आयोजित निबंध प्रतियोगिता में विजेता विद्यार्थियों को शील्ड एवं प्रशस्ति पत्र वितरित किए गए। इसके अलावा महाविद्यालयीन पीसीपीएनडीटी ब्रांड एम्बेसेडर छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.रविकांत उइके ने लिंग चयन एवं लिंग आधारित गर्भपात के दुष्प्रभाव एवं गर्भधारण पूर्व एवं प्रसव पूर्व निदान तकनीक (लिंग चयन प्रतिषेध) पीसीपीएनडीटी अधिनियम की जानकारी प्रदाय की। उन्होंने अग्रणी बालिकाओं द्वारा ब्रांड एम्बेसेडर के रूप में स्कूली छात्राओं के मध्य अधिनियम जागरूकता की आगामी योजना से अवगत कराया। डॉ.उइके ने विभिन्न प्रचार माध्यमों के द्वारा स्कूली छात्राओं को पीएनडीटी अधिनियम के संबंध में जागरूक करने एवं जनसमुदाय को जागरूक करने के संबंध में जानकारी दी। कार्यक्रम में जिला मीडिया अधिकारी श्रुति गौर तोमर द्वारा जन्म के समय लिंग अनुपात, कन्या भ्रूण हत्या के कारण, कन्या भ्रूण हत्या के दुष्परिणाम, गर्भधारण पूर्व एवं प्रसव पूर्व निदान तकनीक, भ्रूण हत्या रोकने में महिलाओं की भूमिका के बारे में जानकारी दी गई। बालिकाओं एवं महिलाओं की पारिवारिक, व्यक्तिगत तथा सामाजिक स्तर पर मजबूत भूमिका के संबंध में छात्र-छात्राओं से विस्तृत चर्चा की गई। विवेकानंद विज्ञान महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.कृष्णा खासदेव द्वारा कन्या भ्रूण हत्या को रोके जाने में महाविद्यालयीन छात्र-छात्राओं की भूमिका के महत्व पर प्रकाश डाला। निबंध प्रतियोगिता में प्रथम कुमारी स्नेहा गोस्वामी, द्वितीय कुमारी दिव्या चरपे, तृतीय कुमारी दीक्षा कापसे रहीं। सांत्वना पुरूस्कार कुमारी महक खान, तुलसीराम यादव, कुमारी नैना महस्की, कुमारी दीक्षा कुरावले, कुमारी खुशी अड़लक, श्री अथर्व राजपूत एवं कुमारी मेघा अड़लक को प्रदाय किया गया।

### धड़ल्ले से हो रहा घरेलू सिलेंडरों का उपयोग

# ताप्ती मेले में बिना रोकटोक घूम रहे दोपहिया, चार पहिया वाहन

**मुलताई, देशबन्धु।** नगर के ताप्ती मेले में अब धीरे-धीरे लोगों की आवाजाही और मेले की रौनक बढ़ने लगी है, लेकिन व्यवस्थाओं के नाम पर यहां पर कोई इंतजाम न होने के कारण दोपहिया और चारपहिया वाहन चालक भी अपने वाहन लेकर सीधे मेले में पहुंच रहे हैं। बताया का रहा है की पार्किंग व्यवस्था नहीं होने से मेले में घूमने आने वाले लोग अपने वाहन लेकर सीधे मेले में आ जाते है, इन्हे रोकने वाला भी कोई नही है। कुछ युवकों द्वारा तो मेले में ही बाइक से स्टंट किए जाते है और तेज रफ्तार में बाइक चलाते है। इन वाहन चालकों से मेला घूमने आने वाले लोगों और व्यापारियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

ताप्ती मेले में लगी विभिन्न होटल और खाने-पीने की दुकानों में ज्यादातर जगहों पर व्यावसायिक सिलेंडर की जगह घरेलू सिलेंडर का उपयोग किया जा रहा है। वहीं मेले में सिलेंडरों के उपयोग के दौरान यदि



कोई हादसा हो जाता है तो ऐसे में यहां पर सुरक्षा के कोई इंतजाम भी दिखाई नहीं देते हैं। ऐसे में मेला घूमने आने वाले लोगों की जान जोखिम में दिखाई देती है। वहीं खाद्य विभाग द्वारा जहां जांच की जानी चाहिए वहां लापरवाही बरती जा रही है, जिससे कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। मेले में एक दर्जन से ज्यादा होटल और दुकानें संचालित हो रही है, जिसमे से ज्यादातर में नियम विरुद्ध घरेलू सिलेंडरों का उपयोग हो रहा है।

**झूलों के सामने लगी दुकानें, नपा कर्मियों ने हटाया:** मेले में सबसे व्यस्ततम जगह झूलों के सामने चौड़ी सड़क होने के बाद भी बीच में ही कई लोगों ने अपनी दुकान लगा ली थी, जिसके चलते मेला घूमने आने वाले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। जिसकी शिकायत पर नगर पालिका कर्मचारियों द्वारा झूलो के सामने बीच में लगी इन दुकानों को हटाया गया। दुकानों को हटाते समय स्थाई रूप से रखी चाट दाबेली को दुकान को भी हटाने के लिए नपा कर्मियों द्वारा कहा गया, जिसके बाद दुकान पर काम कर रहे व्यक्ति द्वारा रौब दिखाते हुए कहा कि पार्षद की दुकान है, दुकान कल हटाएंगे, आपको तकलीफ है तो खुद हटा दो।

### इनका कहना है

मेले में वाहनों की आवाजाही न हो इसके लिए प्रयास किए जा रहे हैं, नगर एवं ग्राम सुरक्षा समिति के लोगों को भी मेले में तैनात किया जा रहा है।

**प्रज्ञा शर्मा,**
**थाना प्रभारी मुलताई**

# सार समाचार

## अंतराष्ट्रीय महिला हिंसा उन्मूलन पखवाड़े के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित




**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** पर्यटन स्थल मढ़ई में महिलाओं के लिए सुरक्षित पर्यटन स्थल परियोजना कार्यक्रम को जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में जिला पुरातत्व पर्यटन एवं संस्कृति परिषद एवं इंडियन ग्रामीण द्वारा महिलाओं के लिए सुरक्षित पर्यटन स्थल परियोजना कार्यक्रम अंतर्गत महिला हिंसा विरोध दिवस पखवाड़ा अन्तर्गत जागरुकता कार्यक्रम किया गया। जिसमें महिलाओ की सुरक्षा और उनके प्रति सम्मान का संदेश दिया गया और संदेशात्मक रैली निकाली गई। इस कार्यक्रम में जिला पुरातत्व पर्यटन एवं संस्कृति परिषद से पर्यटन प्रबंधक मनोज सिंह ठाकुर, इंडियन ग्रामीण सर्विसेज से अर्चना दास एवं प्रशिक्षक ओर सभी प्रशिक्षणार्थी मौजूद रहे।

## जनसुनवाई में आए आवेदनों का किया गया निराकरण



**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** मंगलवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें अपर कलेक्टर देवेंद्र कुमार सिंह ने अधिकारियों के साथ जनसामान्य की समस्याओं पर गंभीरता से सुनवाई कर उनका निराकरण किया। जनसुनवाई में आए 60 आवेदनों पर सुनवाई की गई। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को प्राप्त आवेदनों का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। साथ ही पिछली जनसुनवाई में आए आवेदनों के निराकरण की स्थिति की जानकारी भी ली। जनसुनवाई में संयुक्त कलेक्टर फरहीन खान सहित अन्य सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित रहें।

## राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा का आयोजन 17 को

**नर्मदापुरम, देशबनधु।** मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग इंदौर की राज्य सेवा एवं वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2023 का आयोजन जिला मुख्यालय पर आगामी 17 दिसम्बर 2023 दिन रविवार को ओएमआर पद्धति से प्रात: 10.30 बजे से 12 बजे तक एवं दोपहर 2.15 बजे से अपरान्ह 4.15 बजे तक दो सत्र में आयोजित होगी। कलेक्टर नीरज कुमार सिंह ने तदाशय की जानकारी देते हुए बताया है कि परीक्षा के सफल संचालन के लिए पुराना कलेक्ट्रेट भवन में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। कंट्रोल रूम का नंबर 07574-251292 है। परीक्षा में भाग लेने वाले परीक्षार्थियों से कहा गया है कि वे उक्त कंट्रोल नंबर पर संपर्क कर परीक्षा संबंधी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। कंट्रोल रूम नंबर पर परीक्षा से संबंधित कोई गड़बड़ी हो रही प्रतीत हो तो तत्काल शिकायत कंट्रोल रूम के नंबर 07574-251292 पर कर सकते हैं। परीक्षा के सफल संचालन के लिए कलेक्टर ने प्राचार्य कार्यालय लोक शिक्षण नर्मदापुरम जयवंत सिंह चौधरी मोबाईल नंबर 7000128958 को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। नोडल अधिकारी के सहयोग के लिए विभिन्न कर्मचारियों की भी ड्यूटी लगाई है जिसमे अमरीश दुबे मोबाईल नंबर 9406552552, नर्मदा प्रसाद बरेले मोबाईल नंबर 9179738127 एवं आशुतोष भार्गव 8989414248 को नियुक्त किया है।

# अंतर्राज्यीय चोर गिरोह गिरफ्त में, कई चोरियों का खुलासा

**इटारसी, देशबन्धु।** थाना पिपरिया पुलिस ने तीन दिन में बस स्टैंड में इटारसी के पास चांदौन निवासी महिला के जेवर चुराने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। उससे पिपरिया में हुई चोरी की कई घटनाओं का खुलासा हो गया है। यह चोर गिरोह किराए का मकान लेकर वारदात को अंजाम देते थे।

उल्लेखनीय है कि थाना पिपरिया में 11 दिसंबर 23 को सलोनी राय निवासी ग्राम चांदौन, थाना पथरौटा जिला नर्मदापुरम ने रिपोर्ट दर्ज करायी थी कि 08 दिसंबर 23 को बस स्टैंड पिपरिया से अपने मायके ग्राम दहलवाड़ाखुर्द जा रही थी, तभी किसी अज्ञात अरोपी ने बैग में रखे सोने के हार एवं चांदी की पायल चोरी कर लिया है। रिपोर्ट पर थाना पिपरिया में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध अपराध कायम कर विवेचना में लिया। मामले की गंभीरता को देखते हुये एसपी गुरकरन सिंह, एएसपी आशुतोष मिश्र एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस पिपरिया कल्याणी वरकड़े के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी गिरीश त्रिपाठी के नेतृत्व में आरोपी की तलाश एवं गिरफ्तारी हेतु टीम गठित हुई।

11 दिसंबर 23 के दरम्यिानी रात्रि में पुलिस टीम कस्बा भ्रमण के दौरान पिपरिया में फरियादी द्वारा बताये गये हुलिया के अनुसार एक एलएडी बल्ब बेचने वाला व्यक्ति मिलने पर जिसे संदेह की स्थिति में अभिरक्षा में





लेकर नाम पता पूछा। उसने अपने नाम बब्लू पिता राधेलाल अहेरिया उम्र 35 साल निवासी ग्राम मिर्जापुर जिला हाथरस उप्र बताया। सख्ती पूछताछ करने पर 08 दिसंबर 23 को बस स्टैंड पिपरिया से चोरी गये सोने के हार एवं चांदी की पायल के संबंध में पूछताछ करने पर बताया कि मैं एवं अन्य 06 लोग पिपरिया में लोहिया वार्ड पिपरिया में किराये के मकान में रहकर चोरी की घटना को अंजाम देते हैं। 08 दिसंबर को मैं एवं मेरे साथी गौरव शर्मा ने मिलकर बस स्टैंड पिपरिया से एक सोने का हार एवं चांदी की पायल बैग से चोरी की है, एवं 04 माह पहले मैं एवं मेरे साथी जितेन्द्र अहेरिया ने मिलकर मंगलवारा चौराहा के पास एक रेडीमेट कपड़ों की दुकान में चोरी की थी। बब्लू के अन्य साथी गौरव शर्मा एवं जितेन्द्र अहेरिया को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ किया जिन्होंने भी अपना जुर्म स्वीकार किया।

बब्लू अहेरिया के साथ रह रहे अन्य साथी मुकेश अहेरिया, हरिकिशन अहेरिया, चंद्रवीर को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की गई जिन्होंने बताया कि हमारे द्वारा 04 माह पहले मंगलवारा चौराहा के पास स्थित मार्केट दुकानों के ताले तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया गया था।

उपरोक्त चोर गिरोह के सभी आरोपी बब्लू पिता राधेलाल अहेरिया उम्र 35 साल निवासी ग्राम मिर्जापुर थाना हाथरस उप्र, गौरव पिता महेश चंद्र शर्मा उम्र 28 साल निवासी महन थाना हाथरस जिला हाथरास उप्र, हरिकिशन पिता गजेन्द्र अहेरिया 19 साल, ग्राम मिर्जापुर जिला हाथरस, मुकेश पिता गजराज सिंह अहेरिया 19 साल, ग्राम मिर्जापुर जिला हाथरस, चंद्रवीर पिता रमेशचंद 22 साल, सिकंदर राव हाथरस उप्र, चेतंद्रर पिता सूरज पाल अहेरिया, 35 साल ग्राम मिर्जापुर जिला हाथरस, जितेन्द्र पिता राजेन्द्र अहेरिया 28 साल, मिर्जापुर जिला हाथरस को गिरफ्तार कर जिनके कब्जे से एक सोने का हार, चांदी की पायल एवं नगदी 40,000 रुपए जब्त कर थाना पिपरिया के अपराध 50 536/23 धारा 379 भादवि, 316/23 धारा 379 भादवि एवं अपराध कं0 296/23 धारा 457,380 भादवि में गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया है। इस सफलता में निरीक्षण गिरीश त्रिपाठी, एसएसपी, किशन उइके, रामचन्द्र खातरकर, भागचन्द्र धुर्वे, प्रकाश राजपूत, गणेश राय, अजमेर सिंह, विनोद विट्ठरिया, चन्द्र प्रकाश साहू, राममोहन रजक, रामेश्वर उइके, प्रआर पूनम सिंह, विजय, शिवशंकर, मनोहर दायमा अफसर खान, अमरदास, विकास मेहरा, सुनील चौधरी, नीलेश रघुवंशी का विशेष योगदान रहा।

## इटारसी होकर चलेगी नई साप्ताहिक एक्सप्रेस ट्रेन

**इटारसी, देशबन्धु।** रेल मंत्रालय ने मऊ-लोकमान्य तिलक टर्मिनस-मऊ के मध्य नई साप्ताहिक एक्सप्रेस ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है, जो कि भोपाल मंडल के इटारसी, हरदा स्टेशन पर हाल्ट लेकर गन्तव्य को जाएगी।

गाड़ी संख्या 15181 मऊ-लोकमान्य तिलक टर्मिनस साप्ताहिक एक्सप्रेस ट्रेन 16 दिसंबर 2023 से प्रति शनिवार को मऊ जंक्शन स्टेशन से 22.15 बजे प्रस्थान कर, अगले दिन 14.35 बजे इटारसी पहुंचकर, 14.45 बजे इटारसी से प्रस्थान कर, 15.30 बजे हरदा पहुंचकर, 15.32 बजे हरदा से प्रस्थान कर, तीसरे दिन सोमवार को 03.45 बजे लोकमान्य तिलक टर्मिनस स्टेशन पहुंचेगी।

इसी प्रकार 15182 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-मऊ साप्ताहिक एक्सप्रेस ट्रेन 18 दिसंबर 2023 से प्रति सोमवार को लोकमान्य तिलक टर्मिनस स्टेशन से 11.10 बजे प्रस्थान कर, 21.05 बजे हरदा पहुंचकर, 21.07 बजे हरदा से प्रस्थान कर, 22.25 बजे इटारसी पहुंचकर, 22.35 बजे इटारसी से प्रस्थान कर, अगले दिन 18.30 बजे मऊ जंक्शन स्टेशन पहुंचेगी।

**गाड़ी के हाल्ट:** रास्ते में यह गाड़ी दोनो दिशाओं में मुहम्मदाबाद, आजमगढ़, खुरासों रोड, शाहगंज, जौनपुर, मड़ियाहू, जंघई, फूलपुर, प्रयागराज, प्रयागराज जंक्शन, मानिकपुर, सतना, कटनी, जबलपुर, इटारसी, हरदा, भुसावल, जलगांव, नासिक रोड एवं कल्याण स्टेशनों पर रुकेगी।

**कोच कंपोजीशन :** इस गाड़ी में 02 वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी, 06 वातानुकूलित तृतीय इकोनॉमी श्रेणी, 07 शयनयान श्रेणी, 04 सामान्य श्रेणी, 01 जनरेटर कार, 01 एसएलआरडी सहित कुल 21 कोच रहेंगे।

## मुंबई की संस्था ने मुस्कान संस्था में गर्म कपड़े वितरित किये

**इटारसी, देशबन्धु।** असहाय एवं कमजोर व्यक्ति के दुख दर्द को समझना एवं उनके दर्द एवं आवश्यकताओं को पूरी करना यही सच्ची मानव सेवा है। ऐसा किया मुंबई स्थित शारदा कंसलटेंट कंपनी की श्रीमती शैलजा जोशी ने। पिछले दिनों कंपनी संचालक श्रीमती जोशी एवं जीवी जोशी शहर की सामाजिक संस्था मुस्कान में पहुंचकर बच्चों से मुलाकात की थी। उन बच्चों की भावनाओं को समझते हुए श्रीमती जोशी एवं जीवी जोशी ने बच्चों को ठंड से बचाव के लिए गर्म कपड़े देने का निर्णय लिया।

आज सर्व ब्राह्मण महिला संगठन की अध्यक्ष श्रीमती ज्योति शर्मा एवं महेश जोशी ने बच्चों को कपड़े वितरित किए। इस अवसर पर संस्था के संचालक मनीष ठाकुर, संजय शर्मा सहित स्थानीय स्टाफ उपस्थित था। इस दौरान मुंबई से श्रीमती शैलजा जोशी एवं जीबी जोशी ने मोबाइल पर बातचीत कर अपनी प्रसन्नता जाहिर करते हुए कहा कि आज मैं यह करके काफी आनंद महसूस कर रहा हूं, जब भी इटारसी आना होगा तब मैं फिर आप बच्चों के बीच आऊंगी।

### बस स्टैंड प्रतीक्षालय के निरीक्षण के दौरान कचरा देखकर भड़के नपाध्यक्ष

## क्या कचरा पट्टी मचा रखी है, काम नहीं होता तो क्यों लेते हो टेंडर



**इटारसी, देशबन्धु। ।** नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे आज मुख्य बाजार स्थित बस स्टैंड के प्रतीक्षालय में चल रहे पुनर्निर्माण को देखने पहुंचे। यहां एक निजी कंपनी प्रतीक्षालय के साथ में महिला एवं पुरुष के लिए अलग-अलग टॉयलेट बना रही है, साथ ही लॉकर रूम भी बन रहा है। लेकिन काम की गति बहुत धीमी है, इसकी जानकारी मिलने पर नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे बस स्टैंड पहुंचे। इस दौरान सीएमओ रितु मेहरा, उपयंत्री सोनिका अग्रवाल, पार्षद वार्ड 11 अमित विश्वास मौजूद थे।

यहां नगरपालिका अध्यक्ष श्री चौरे ने कचरा, निर्माण सामग्री का कचरा, दीवार पर पुट्टी के स्थान पर नार्मल पेंट होता देख नाराजी व्यक्त की। उन्होंने प्रतीक्षालय का निर्माण कर रही निजी कंपनी के सुपरवाइजर से ठेकेदार का नम्बर लेकर फोन पर उससे चर्चा की। नगरपालिका अध्यक्ष फोन पर बात करते ठेकेदार पर भड़क गए। उन्होंने कहा कि आपने यहां क्या कचरा पट्टी बचा रही है, काम नहीं होता तो टेंडर क्यों ले लेते हो।

यह हमारा ड्रीम प्रोजेक्ट था, आपने पूरा खराब कर दिया। हम इसे रेलवे स्टेशन पर बने प्रतीक्षालय की तर्ज पर शानदार बनवाना चाह रहे थे, आप ने कचरा पट्टी बना दिया। इससे अच्छा तो हम ही बना लेते। नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने कहा कि दिसंबर के अंत तक किसी भी हालत में मुझे पूरा प्रतीक्षालय बना मिल जाना चाहिए, नहीं तो आप समझदार हो।

### इटारसी में मत्स्य विभाग के सहयोग से बनेंगे 3 स्मार्ट फिश पार्लर

## नपाध्यक्ष पंकज चौरे, सीएमओ रितु मेहरा ने किया मछली बाजार का निरीक्षण



**इटारसी, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश सरकार के मत्स्य विभाग की मध्यप्रदेश फिश पार्लर योजना के तहत इटारसी के मछली बाजार में तीन स्मार्ट फिश पार्लर बनाए जाएंगे। आज नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे, सीएमओ रितु मेहरा ने टीम के साथ यहां निरीक्षण किया। यहां 15 लाख रुपये लागत से तीन फिश पार्लर बन रहे हैं। प्रत्येक फिश पार्लर के लिए 5 लाख रुपये शासन ने दिए हैं।

नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने यहां निरीक्षण के दौरान मछली व्यापारियों से कहा कि आधुनिक फिश पार्लर के माध्यम से मछली की मार्केटिंग करने में भी मछली पालकों को आसानी होगी। मछलियों के स्टोरेज के लिए सरकार द्वारा डीप फ्रीजर, फ्रीजर डिस्प्ले काउंटर के साथ फिश कटर और मछली की छिलाई मशीनें भी मछली पालकों को मुहैया कराई जाएगी। स्मार्ट फिश पार्लर खोलने के लिए सरकार द्वारा 15 लाख रुपये आए हैं। योजना मत्सय विभाग की है।

### नगरी निकाय और पंचायत तैयार कराएगी पार्लर

मध्य प्रदेश फिश पार्लर योजना के तहत एक आधुनिक मछली पार्लर बनाने के लिए 5 लाख रुपए खर्च होंगे। मध्य प्रदेश के मत्स्य विकास एवं मछुआ कल्याण विभाग द्वारा शहरी क्षेत्रों में नगरीय निकाय और ग्रामीण क्षेत्र में ग्राम पंचायतें 5 लाख रुपए की लागत से स्मार्ट मछली पार्लर तैयार करवाएंगी। सारा खर्च सरकार द्वारा ही उठाया जाएगा। मछुआरे समुदाय के लोगों के लिए राज्य सरकार द्वारा बड़ी राहत दी जाएगी।

### मत्स्य विभाग करेगा आवंटन

मछली पालन करने वाला कोई भी मांझी समाज से जुड़ा हुआ मछुआरा इन स्मार्ट फिश पार्लर से जुड़ सकता है। मछली पालकों को मछली को स्टार्ट करने के लिए डीप फ्रीजर, फ्रीजर डिस्प्ले काउंटर के अलावा फिश कटर और मछली की छिलाई के लिए मशीनें भी उपलब्ध करवाई जाएगी। राज्य में स्मार्ट फिश पार्लर खुलने से 24 घंटे फ्रेश मछली मिल सकेगी।

## फाइटर इटारसी और गुरुकुल नर्मदापुरम ने जीते मैच



**इटारसी, देशबन्धु।** रेलवे बॉयज फुटबॉल क्लब द्वारा आयोजित जिला स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता अंडर-16 में चौथे दिन का पहला मैच फाइटर क्लब इटारसी और यंग बॉयज न्यू यार्ड के मध्य खेला गया। मैच काफी रोमांचक रहा। दोनों ही टीमों ने एक दूसरे पर काफी दबाव बनाया। मैच के रेफरी संदीप चक्रवर्ती, लाइनमैन अंकुश मसीह, अक्षत तिवारी, थर्ड रेफरी डालचंद राज, राकेश मसीह थे।

मैच के हाफ टाइम तक दोनों ही टीम बराबर रहीं। मैच के सैकंड हाफ में फाइटर क्लब के कृतिक ने 57 वे मिनट में एक गोल कर टीम को बढ़त दिलाई। अंत तक स्कोर 1-0 रहा। जीनियस प्लेनेट स्कूल की ओर से मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार यंग बॉयज न्यूयार्ड के गोल कीपर यश दीवान को दिया। मैच के मुख्य अतिथि तरुण पोपली समाजसेवी तथा क्लब के संरक्षक थे। श्री पोपली ने क्लब को उज्ज्वल खेल एवं सफल प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की एवं गरीब बच्चों के लिए 15 जोड़ी जूते प्रदान करने की घोषणा की।

दूसरा मैच गुरुकुल 11 होशंगाबाद विरुद्ध यार्ड -11 के मध्य खेला गया जिसमें गुरुकुल टीम ने 3-0 से मैच जीत कर अगले दौर में प्रवेश किया। कल प्रतियोगिता में सोहागपुर, पिपरिया, रेलवे बॉयज फुटबॉल क्लब, नेशनल फुटबॉल क्लब के मध्य मैच खेले जाएंगे।

## मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत ने प्राथमिक शाला सांवलखेडा का किया निरीक्षण



**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** निपुण भारत मिशन के अंतर्गत सोमवार को मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुजान सिंह रावत द्वारा शासकीय प्राथमिक शालाओं का निरीक्षण किया गया। इस दौरान नुपिण प्रोफेशनल प्रियांशी वर्मा, सीईओ जनपद पंचायत हेमंत सूत्रकार एवं जिला सह समन्वयक साक्षरता जिला शिक्षा केन्द्र संजीव द्विवेदी उपस्थित रहें। सीईओ जिला पंचायत द्वारा प्राथमिक शाला सांवलखेडा में बच्चों एवं शिक्षकों को मार्गदर्शन दिया गया। उन्होंने कक्षा 1 से कक्षा 3 के बच्चों में बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान बढ़ाने के लिए एफएलएन गतिविधियों एवं निपुण लक्ष्यों की पूर्ति के लिए शिक्षकों को शिक्षक संदर्शिका अंकुर के अनुसार व्यापक पाठ्य योजना, बच्चों द्वारा वर्कबुक पर नियमित प्रयास, भाषा विकास, भाषा लेखन एवं संख्या ज्ञान तथा गणित की समझ बढ़ाने के लिए विभिन्न गतिविधियों पर चर्चा की गई। निरीक्षण के दौरान बच्चों की निपुण दक्षताओं के अवलोकन के लिए बच्चों की मौखिक, लिखित एवं गणितीय संक्रियाओं को परखा गया। मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा बच्चों से पुस्तक पढ़वाकर एवं गणित के प्रश्नों को हल करवाकर भी देखा गया। उल्लेखनीय है कि सत्र 2020 में आई नई शिक्षा नीति अंतर्गत प्राथमिक शालाओं के बच्चों में शारीरिक बौद्धिक एवं संपूर्ण विकास के लिए निपुण भारत मिशन को प्राथमिकता दी गई है। मध्य प्रदेश शासन द्वारा प्रत्येक बच्चा निपुण बनाने हेतु मिशन अंकुर के रूप में प्रयास किये जा रहे है।

### इटारसी सिविल अस्पताल एनकॉस में हुआ सर्टिफाइड

## डॉ. एसपीएम अस्पताल प्रदेश का पहला एनबीएसयू मुस्कान सर्टिफाइड बना

**इटारसी,देशबन्धु।** डॉ श्यामाप्रसाद मुखर्जी सिविल अस्पताल को आज घोषित हुये नेशनल क्वालिटी एंश्योरेस स्टैण्डर्ड एनकॉस के परिणाम के अंतर्गत 93.43 प्रतिशत से नेशनल क्वालीफाइड सर्टिफिकेट मिला एवं मुस्कान कार्यक्रम के अंतर्गत प्रतिशत नेशनल क्वालीफाइड सर्टिफिकेट प्राप्त हुआ है।

विगत 18 से 20 सितंबर 2023 को भारत सरकार द्वारा 2 सदस्यीय नेशनल एसेसर ने 03 दिन संस्था में भ्रमण किया था। एनकॉस के अंतर्गत संस्था के 12 विभागों में चेकलिस्ट अनुसार 8 भागों में बांटकर निरीक्षण दल ने निरीक्षण किया जिसमें सभी 12 विभागों ने बहुत अच्छा प्रदर्शन किया। डॉ. एसपीएम सिविल अस्पताल इटारसी में मुस्कान नेशनल एसेस्टमेंट में 04 विभागों में संचालित एनबीएसयू विभाग को प्रदेश का पहला मुस्कान नेशनल सर्टिफाइड एनबीएसयू घोषित हुआ।

एनकॉस एवं मुस्कान सर्टिफाइड प्राप्त करने हेतु राज्य स्तर से डॉ. प्रमोद गोयल, डॉ. विवेक मिश्रा, डॉ. संदीप शर्मा, राधिका एवं जिला स्तरीय टीम से सीएमएचओ डॉ. दिनेश देहलवार, डीएचओ डॉ रमेश वर्मा, डीक्यूएम डॉ आलिया रूखसार, जिला मेंटर डॉ जीआर करोड़े, डॉ, मिलन सोनी का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।




सिविल अस्पताल के अधीक्षक डॉ. आरके चौधरी के नेतृत्व में आरएमओ डॉ. विकास जैधपुरिया, डॉ. आभा जैन, डॉ. कमलेश कुमरे, डॉ. दिनेश यादव, डॉ. मंजू चौधरी, डॉ विवेकचरण दुबे, डॉ. आभा दुबे, डॉ. अर्पित त्रिवेदी, डॉ. आशीष पटैल, डॉ. प्रियांक मिश्रा, डॉ. अभिषेक अग्रवाल, डॉ. जेक जकारिया निकसन, डॉ. प्रेसी युसुफदास, डॉ. उदित भट्ट, डॉ. नीतेश दीवान, संस्था की एसेसर अंजलि पाठक, समस्त नर्सिंग ऑफीसर, ट्यूटर ऑफीसर का विशेष प्रयास रहा।

विशेष सहयोग में समाजसेवी संजय मिहानी, टीकाकरण शाखा के समस्त कर्मचारी, स्टोर शाखा से लोकेश ठाकुर, शिखर वर्मा, समस्त 12 विभागों के नोडल अधिकारी, ब्लड बैंक एवं लेब के सब नोडल अधिकारी, समस्त कम्प्यूटर ऑपरेटर, समस्त पैरामेडिकल व कार्यालयीन स्टॉफ, समस्त वार्ड वॉय, समस्त सफाई कर्मचारी, सपोर्ट स्टॉफ, किचिन कर्मचारी, पंप आप एवं इलेक्ट्रिशन सहित अन्य सभी अधिकारी कर्मचारियों ने पूर्ण लगन एवं कार्यनिष्ठा से कार्यदायित्व निभाया।


## जमानी रोड पर बन रहे नाले का नपाध्यक्ष ने किया निरीक्षण

**इटारसी, देशबन्धु।** जमानी रोड पर बन रहे सीमेंटेड नाले का निरीक्षण नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने किया। इस दौरान सीएमओ रितु मेहरा, उपयंत्री मुकेश जैन मौजूद थे। नगरपालिका अध्यक्ष श्री चौरे के पास नागरिकों की शिकायत आ रही थी कि नाले और रोड के बीच में फिलिंग नहीं होने से गड्डे बन गए हैं जिससे राहगीरों को परेशानी हो रही है। नगरपालिका अध्यक्ष श्री चौरे ने ठेकेदार अर्पित जैन को मौके पर बुलाकर उन्हें निर्देश दिए कि यहां मुरम की फिलिंग कराएं।

IIFL HOME LOAN
आईआईएफएल हाउस, सन इन्फोटेक पार्क, रोड नं.16वी, प्लॉट नं. बी-23, एमआईडीसी ठाणे इंडस्ट्रियल एरिया, वागले एस्टेट, ठाणे-400604
CIN No.: U65993MH2006PLC166475

इस सूचना के आधार पर, आम जनता और आईआईएफएल होम फाइनेंस लि. के ग्राहकों को सूचित किया जाता है कि आईआईएफएल होम लोन शाखा आईआईएफएल गोल्ड लोन, मीनाक्षी स्क्वायर, बैंक ऑफ बड़ौदा के सामने, रिलैक्सो शोरूम के ऊपर, होशंगाबाद, मध्य प्रदेश 461001, 31 मार्च 2024 से बंद कर दी जाएगी।

सभी ग्राहकों और आम जनता से निवेदन है कि उपर्युक्त सूचना को ध्यान में रखते हुए अपनी निकटतम अन्य आईआईएफएल होम लोन शाखाओं का पता लगाने के लिए iiflhomeloans.com/locate-us पर विज़िट करें।




पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए गिरिराज चाचा द्वारा श्री सिद्धि विनायक प्रिंटर्स, प्लाट नं. 26 बी देशबन्धु परिसर, प्रेस कॉम्पलेक्स, जोन-1, एम.पी. नगर, भोपाल म.प्र. 462011 से मुद्रित एवं प्रकाशित, संपादक: **पलाश सुरजन,** कार्यकारी संपादक: **ज़ाकिर अली*** फोन 0755-4222971, ई-मेल deshbandhubpl1@yahoo.co.in प्रेस पंजीयन-प.स. 45096/85 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।